दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 10 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 171 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# नोएडा सेक्टर-63 थाने का कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया उद्घाटन

## 14 करोड़ की लागत से बने मॉडर्न पुलिस स्टेशन में पहला डिजिटल ई-मालखाना शुरू









## पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह ने कहा

## बेस्ट वर्कप्लेस दे रही है यूपी पुलिस

**नोएडा, करंट क्राइम :** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में नवनिर्मित सेक्टर-63 थाने का शुभारंभ सोमवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने फीटा काटकर किया। इस दौरान यहां हवन, पूजन व कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। थाना-62 के उद्घाटन अवसर पर नोएडा पुलिस के अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार ,पुलिस उपयुक्त नोएडा यमुना प्रसाद, पुलिस उपयुक्त सेंटर नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी और एडीसीपी ट्रैफिक प्रवीन रंजन, एडीसीपी सेंटर नोएडा डॉ. हिरदेश कठेरिया भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ नोएडा के इस मॉडर्न पुलिस स्टेशन को जनता की सेवा और अपराध नियंत्रण के लिए शुरू कर दिया गया है। सोमवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-63 स्थित नवनिर्मित थाना भवन, आवासीय परिसर और नोएडा पुलिस के पहले ई-माल खाने का विधिवत्त उद्घाटन करते हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

उद्घाटन अफसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा है कि सरकार बेस्ट वर्किंग प्लेस यूपी पुलिस को प्रदान कर रही है और यह हमारी प्राथमिकता में भी है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-63 के नए थाने के शुभारंभ होने से बड़े औद्योगिक क्षेत्र और उद्यमियों को राहत मिलेगी। वहीं अपराध नियंत्रण में कमी आएगी, तो आम जनता के सहयोग में पुलिस 24 घंटे अब पहले से ज्यादा एक्टिव और समय से पहले पहुंच पाएगी।

## चौकीदारों और छात्राओं को किया पुरस्कृत





करंट क्राइम : उद्घाटन अवसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने 5 चौकीदारों और प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों खासतौर से छात्रारओं को बैग व अन्य प्रोत्साहन सामग्री देकर पुरूस्कृत किया। इस दौरान उन्हें किट भी प्रदान की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमी, मीडियाकर्मी और गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## संपादक मनोज गुप्ता ने की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मुलाकात









करंट क्राइम : नोएडा के आधुनिक थानों में बनकर तैयार हुए थाना-63 के उद्घाटन अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को भव्य भवन एवं थाना उद्घाटन अवसर पर शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है। इस अवसर पर गाजियाबाद के वरिष्ठ तहसील अधिवक्ता वीरेंद्र कुशवाहा, करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण भी मौजूद रहे।

## टैब से स्कैन किया गया ई-मालखाने का पहला सामान

करंट क्राइम : गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसिंग को हाईटेक बनाने का प्रयास पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा किया गया है। सेक्टर-63 थाने के मालखाने के उद्घाटन अवसर पर एक बार कोड से टैब की मदद से रिकॉर्ड अपडेट किया गया। साथ ही यह नोएडा का पहला ई-मालखाना भी बन गया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया है कि इस थाने की सबसे बड़ी विशेषता इसका ई-मालखाना है, जो जनपद का पहला डिजिटल ई-मालखाना है। इस सुविधा से किसी भी केस में साक्ष्य संबंधित कार्य महत्वपूर्ण हो गया है। साथ ही ।अब वैज्ञानिक व सुरक्षा ढंग से भंडारण और पूरी जानकारी करने के लिए बार कोड आधारित प्रणाली से जुड़ा है। इससे जांच अधिकारी और साक्ष्य की जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी। साथ ही पारदर्शिता और काम करने के तरीके में गति आएगी।

## महिला हेल्प डेक्स से लेकर हाईस्पीड इंटरनेट से लैस है थाना-63



करंट क्राइम : उद्घाटन अवसर पर पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि थाना परिसर में न केवल आधुनिक कार्यालय और साइबर सेल जैसी सुविधा प्रदान की गई है बल्कि महिला अपराध एवं नियंत्रण के लिए यहां महिला हेल्प डेस्क बनाई गई है। वहीं हवालात, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस, रेस्टरूम, डे और नाइट अफसर के लिए अलग से कक्ष है। तो वहीं आगंतुकों के लिए अलग से रेस्ट रूम बनाया गया है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों की आवश्यकता को ध्यान को में रखते हुए यहां पेपर लेस प्रणाली और हाई स्पीड इंटरनेट के साथ ही पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय परिसर की सुविधा प्रदान की गई है। वहीं जनरेटर रूम और महिला और पुरुष हवालात भी अलग-अलग बेहद साफ- सुथरी और हाईटेक अंदाज में बनाए गए हैं।











## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा चलाएगी वृहद अभियान

### आज अभियान का आगाज करेंगे सीएम योगी



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से वृहद अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से प्रदेशभर में अभियान का नेतृत्व करेंगे। इसके तहत जिलों में प्रदर्शनियां आयोजित की जाएगी, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियां और केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी जबकि मंडल स्तर पर संकल्प सभाएं आयोजित की जाएंगी। शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

## कोइंसीडेंट में हुई दो विधायकों की लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

## हवाई अड्डे से लेकर मुख्यमंत्री के कमरे तक रहा कई संयोग वाला योग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री से विधायकों की मुलाकात होती ही रहती है। विकास की बात को लेकर, विकास के प्रस्ताव को लेकर, विधायक अक्सर मुख्यमंत्री से मिलते हैं और ये भी सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री से मुलाकात का अपना प्रोटोकॉल होता है। इसके लिए विधायक समय लेते हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय से विधायकों को अवगत कराया जाता है कि आपको किस दिन, किस समय मुख्यमंत्री से मुलाकात करनी है।

गाजियाबाद के दो विधायक मुख्यमंत्री से मुलाकात करना चाहते थे। दोनों ने ही अलग अलग समय मांगा था और दोनों को ये पता नहीं था कि दोनों के साथ एक रोचक कोइंसीडेंट होने जा रहा था। रविवार को दोनों विधायक गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में एक साथ थे। ये एक संयोग था और फिर ये हुआ कि अचानक दोनों विधायकों के पास अलग-अलग मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आ गया कि आपकी मुलाकात का दिन सोमवार का निर्धारित हुआ है और आप सुबह नौ बजे से दस बजे के बीच में मुलाकात कर सकते हैं।,

ये भी एक संयोग था कि दोनों विधायकों ने इस संबंध में आपस में कोई बात नहीं की और दोनों के पास एक साथ मैसेज आया था और जब ये मैसेज आया था तब रात का समय था। मुख्यमंत्री कार्यालय से बुलावा है तो दोनों विधायकों को दौड़ना पड़ा। संयोग ये रहा कि दोनों की मुलाकात एक ही दिन फिक्स हो गई और फिर कोइंसीडेंट ये हुआ कि जब दोनों विधायक लखनऊ जाने वाली फ्लाईट में सवार हुए और दोनों को ही प्लेन के अंदर एक दूसरे के दीदार हुए। फिर कोइंसीडेंस ये रहा कि फ्लाईट एक और दोनों की सीटे भी आस पास हो गईं और संयोग का ये सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा था। दोनों विधायक एक तरह से संयोगी होकर मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करने जा रहे थे। जब दोनों मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे तो यहां फिर संयोग ये रहा कि विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक संजीव शर्मा की मुलाकात में दस मिनट का अंतर था।

पहले मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को मुख्यमंत्री से मुलाकात करनी थी और शहर विधायक संजीव शर्मा को मुख्यमंत्री से मिलना था। लेकिन सीन इतना संयोगी चल रहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों ही विधायकों को एकसाथ बुला लिया। ये कोइंसीडेंस रहा कि दोनों विधायक गाजियाबाद से चले थे कि मुख्यमंत्री से अलग अलग मुकालात करेंगे बात करेंगे। लेकिन ऐसा संयोग बन गया कि मुख्यमंत्री के सामने दोनों विधायक एक साथ बैठे और मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों से एक साथ बात करेंगे। फिर मुलाकात हुई और विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक संजीव शर्मा ने अपने अपने विधानसभा से जुडे विकास के प्रस्ताव रखे।

यहां बात केवल विकास ही हुई और मन की कोई बात नहीं हुई। क्योंकि जो बात विधायक अकेले में रखना चाहते थे वो सीन बना नहीं और फिर मन की बात बाहर आई नहीं। बहरहाल विधायकों के कोइंसीडेंस ने पूरी मुलाकात को रोचक बना दिया।

# सऊदी में भारतीयों की यात्रा पर कोई रोक नहीं

## केवल हज सीजन अस्थायी वीजा पर प्रतिबंध




**नई दिल्ली।** सऊदी अरब ने हज यात्रा के दौरान भारतीयों के वीजा पर रोक लगाने वाली खबरों का सिरे से खंडन कर दिया है। सऊदी सरकार का कहना है कि उन्होंने इससे जुड़ा कोई भी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। यह सभी खबरें पूरी तरह से गलत हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सऊदी अरब ने हज यात्रा के मद्देनजर भारत समेत 14 देशों का वर्क वीजा कुछ समय के लिए रद कर दिया है। हालांकि सऊदी सरकार ने इन खबरों को अफवाह करार दिया है।

**सऊदी ने नहीं लगाई रोक :** समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सऊदी सरकार ने भारतीय वीजा पर किसी तरह की कोई रोक नहीं लगाई है। एएनआई के अनुसार, सऊदी अरब के द्वारा भारतीयों का वीजा रद करने की खबर गलत है। सऊदी सरकार ने इस संदर्भ में कोई भी आधिकारिक नोटिस जारी नहीं किया है। हालांकि हज यात्रा के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए कम अवधि वाले वीजा पर कुछ तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं, हज यात्रा खत्म होने के बाद इन्हें भी हटा दिया जाएगा।

बता दें कि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सऊदी अरब ने हज यात्रा के तहत 30 जून तक के लिए 14 देशों का वर्क वीजा रद कर दिया है। 14 देशों की इस फेहरिस्त में भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अल्जीरिया, मिस्त्र, इंडोनेशिया, ईराक, यमन, मोरक्को, नाइजीरिया, इथोपिया, सुडान और ट्यूनिशिया का नाम शामिल था।

# वर्तमान की बात बंद कर 2047 के सपने दिखा रहा केंद्र : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के 11 सालों में कोई जवाबदेही नहीं रही, सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र ने वर्तमान की बात करना बंद कर दिया है और 2047 के सपने दिखा रही है।

कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चलती लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत के बाद आई है, जिसमें भीड़भाड़ के चलते छह लोग गिरकर घायल भी हो गए। राहुल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'जब मोदी सरकार अपने 11 साल के 'सेवा काल' का जश्न मना रही है, तब देश की सच्चाई मुंबई से आ रही एक दुखद खबर में दिख रही है- कई लोग ट्रेन से गिरकर मर गए।'

**राहुल का आरोप- भारतीय रेल असुरक्षा-अराजकता का प्रतीक बनी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय रेल करोड़ों लोगों के जीवन की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़भाड़ और अराजकता का प्रतीक बन गई है। उन्होंने लिखा, 'मोदी सरकार के 11 साल- ना कोई जवाबदेही, ना कोई सुधार, सिर्फ प्रचार। सरकार ने 2025 की बात करना बंद कर दिया है और अब 2047 के सपने बेच रही है।'

**राहुल गांधी ने घटना पर जताया दुख :** कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि आज देश जिन मुश्किल हालातों से गुजर रहा है, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा? राहुल गांधी ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। उन्होंने बताया कि ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी।

# मुंबई जा रही कंटेनर शिप में विस्फोट लापता हुए क्रू मेंबर्स की तलाश तेज

**कोच्चि।** केरल के तट पर एक दुर्घटना हुई। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे कंटेनर जहाज टश हअठ ऌअक503 में समुद्र में एक बड़ा धमाका हुआ है। जहाज के अंडर डेक (निचले हिस्से) में यह विस्फोट कोच्चि से लगभग 315 किलोमीटर पश्चिम में हुआ। हादसे के बाद से जहाज के 4 क्रू सदस्य लापता हैं, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। जहाज पर कुल 22 क्रू मेंबर्स सवार थे। जहाज पर कंटेनर लदे हुए हैं।

क्रू मेंबर्स को बचाने के प्रयास जारी हैं। बताया जा रहा है कि जहाज पर रखे 50 कंटेनर समुद्र में गिर गए। जहाज पर 600 से ज्यादा कंटेनर रखे हुए हैं। नौसेना और तटरक्षक जहाज घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, धमाके की वजह अभी साफ नहीं है, लेकिन आशंका है कि यह किसी कंटेनर के अंदर से धमाका हुआ हो।

भारतीय नौसेना पीआरओ ने कहा, ह्यकोझिकोड के बेपोर तट पर एक मालवाहक जहाज में विस्फोट हुआ है। यह जहाज सिंगापुर का झंडा लगा कंटेनर जहाज है, जिसकी लंबाई 270 मीटर और ड्राफ्ट 12।5 मीटर है। यह जहाज



7 जून को कोलंबो से एनपीसी मुंबई के साथ 10 जून को रवाना हुआ था।

### रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया शुरू

इधर, भारतीय तटरक्षक बल ने तुरंत राहत और बचाव कार्य के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया है। कोस्ट गार्ड की डोर्नियर विमान को मौके का जायजा लेने भेजा गया है। इसके साथ ही तीन तटरक्षक पोतों क्ठ्ऋ राजदूत (न्यू मैंगलोर से), क्ठ्ऋ अर्नवेष (कोच्चि से), सचेत (अगट्टी से) को भी तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है।

### जहाज पर बचे क्रू मेंबर सुरक्षित

तटरक्षक बल ने कहा है कि लापता लोगों की तलाश और घायलों को प्राथमिक उपचार देने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। जहाज पर बाकी बचे क्रू मेंबर्स फिलहाल सुरक्षित बताए जा रहे हैं। तटरक्षक बल स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। राहत पोत और विमान घटनास्थल पर भेज दिए गए हैं। सभी संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर कर सकेगा बात, कोर्ट ने सशर्त दी अनुमति

**नई दिल्ली।** 6/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी।

कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है।



दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, इस पर उनका रुख स्पष्ट किया गया हो।

### मुंबई हमलों में ऐसे आया था तहव्वुर राणा का नाम

दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी। इसी फर्म की मुंबई शाखा के काम के लिए डेविड हेडली मुंबई आया था और यहां लश्कर-ए-तयैबा के आतंकी हमलों की तैयारी के लिए मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी।

जांचकताओं का मानना है कि तहव्वुर राणा ने कंसल्टेंसी फर्म की आड़ में ही डेविड हेडली से रेकी का पूरा काम कराया। साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहरभर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे।

### ऐसे हुआ भारत में राणा का प्रत्यर्पण

एनआईए ने अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया को अंजाम दिया। राणा को अमेरिका में भारत-अमेरिकी प्रत्यर्पण संधि के तहत एनआईए की ओर से शुरू की गई न्यायिक कार्यवाही के आधार पर हिरासत में लिया गया था। राणा की कई कानूनी अपीलों और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका के खारिज हो जाने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो पाया। इसमें अमेरिकी न्याय विभाग के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय, कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूएस अटॉर्नी ऑफिस, यूएस मार्शल सेवा, एफबीआई के नई दिल्ली स्थित कानूनी अटैच, और यूएस विदेश विभाग के लीगल एडवाइजर फॉर लॉ एन्फोर्समेंट के कार्यालयों का सक्रिय सहयोग रहा। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के निरंतर प्रयासों से भगोड़े राणा के लिए प्रत्यर्पण वारंट हासिल किया गया। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कदम था ताकि आतंकवाद में शामिल व्यक्तियों को दुनिया के किसी भी कोने से न्याय के कठघरे में लाया जा सके।

# बांग्लादेश हिंसा में शामिल व्यक्ति बंगाल का मतदाता, ममता सरकार पर लगे गंभीर आरोप

**कोलकाता।** बीते साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के खिलाफ भड़की हिंसा में शामिल एक व्यक्ति पश्चिम बंगाल में मतदाता पाया गया है। इसके बाद इस पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है और भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार पर राज्य की मतदाता सूची में घुसपैठियों को शामिल करने का गंभीर आरोप लगाया है। बांग्लादेशी हिंसा में शामिल व्यक्ति की पहचान न्यूतन दास के रूप में हुई है, जिसने 2024 में ढाका में हुए छात्र विरोध प्रदर्शन में शिरकत की थी। अब वह बंगाल के काकद्वीप में मतदाता पाया गया है।



**भारत और बांग्लादेश, दोनों जगह मतदाता है आरोपी :** बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों ने शेख हसीना सरकार को सत्ता से अपदस्थ करने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं विवाद के बाद न्यूतन दास ने दावा किया कि उसके पास भारतीय नागरिकता है और उसने पैन कार्ड और आधार कार्ड भी होने का दावा किया। दास ने दावा किया कि वह 2024 में वह बांग्लादेश गया था और किन्हीं कारणों से बांग्लादेश में फंस गया। बांग्लादेश में उसकी पैतृक संपत्ति है। दास ने बताया कि वह साल 2014 से काकद्वीप में मतदाता है और साल 2016 के विधानसभा चुनाव में उसने मतदान भी किया था। वहीं न्यूतन दास के चचेरे भाई ने बताया है कि 'न्यूतन का जन्म बांग्लादेश में हुआ था और वह दोनों देशों में वोट करता है। वह कोरोना महामारी के दौरान अपनी कुछ पैतृक संपत्ति बेचने भारत आया था, लेकिन उसके बाद से यहीं रह गया। उसे दोनों देशों में मतदाता बनने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। यह सही नहीं है।'

**भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'एक व्यक्ति जो बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान लाठी उठाए दिख रहा है, वह अब काकद्वीप में बतौर मतदाता पंजीकृत है। टीएमसी और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी अवैध घुसपैठ के नेटवर्क को बढ़ावा दे रही हैं।' नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में लाखों बांग्लादेशी मतदाता पंजीकृत हैं। अधिकारी ने साद शेख का उदाहरण दिया, जो अंसारुल्लाह बांग्ला टीम का सदस्य है और मुर्शिदाबाद में मतदाता है। भाजपा का आरोप है कि कई बांग्लादेशी जिहादी और घुसपैठिए भारत में घुस आए हैं और यहां उन्हें सत्ताधारी दल द्वारा वोट पाने के लिए नागरिकता दे दी गई है।

**टीएमसी ने आरोप खारिज किए :** टीएमसी ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और उल्टा केंद्र और बीएसएफ को अवैध घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराया। टीएमसी ने कहा कि 'सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाती है, लेकिन ये भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि सीमाएं सुरक्षित रहें।

### मुंब्रा हादसे के बाद रेलवे का फैसला

# लोकल ट्रेन के निर्माणाधीन रैकों में लगेंगे स्वचालित दरवाजे



**मुंबई।** मुंब्रा रेल दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। रेलवे ने लोकल ट्रेनों के लिए निमार्णाधीन रैकों में स्वचालित दरवाजे लगवाने का फैसला किया है। इसके अलावा फिलहाल सेवा में मौजूद रैक में डोर क्लोजर की सुविधा को लेकर भी चर्चा हो रही है।

रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक (ईडीआईपी) दिलीप कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने भविष्य में मुंबई उपनगर के लिए निमार्णाधीन सभी रेकों के लिए स्वचालित दरवाजे की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा हम वर्तमान में सेवा में मौजूद रैक में डोर क्लोजर की सुविधा स्थापित करने की संभावना तलाश रहे हैं। फिर हम चरणबद्ध तरीके से इन सभी रेकों के लिए स्वचालित डोर क्लोजर की सुविधा प्रदान करेंगे।

सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने बताया कि घटना में घायल हुए 13 लोगों में से चार लोगों की मौत हो गई है। चार अन्य का इलाज चल रहा है। रेलवे बोर्ड ने सभी मौजूदा रैकों में बदलाव करने का फैसला किया है, जिससे ऐसी घटनाओं की संभावना कम हो जाएगी। सभी नए रैक एसी रैक होंगे, जिनमें स्वचालित दरवाजों वाली प्रणाली होगी। हमने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे फुटबोर्ड पर यात्रा करने से बचें।

**क्या है मामला? :** इससे पहले ठाणे के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल की ओर जा रहे कुछ यात्री ट्रेन से गिर गए। दुर्घटना का कारण ट्रेन में अत्यधिक भीड़ माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रेन मुंबई से लखनऊ के लिए जा रही थी। सेंट्रल रेलवे के मुताबिक, रेलवे प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है। दुर्घटना की जांच शुरू हो गई है। घटना से लोकल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई, जब भीड़भाड़ वाली ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि व्यस्त समय में बहुत भीड़ थी, इसलिए कई लोग ट्रेन के दरवाजे पर खड़े थे।

# चौंकाने वाला खुलासा : बेवफा सोनम ने सुपारी देकर कराई पति की हत्या

**गाजीपुर, करंट क्राइम।** मेघालय के शिलांग से लापता इंदौर कपल के रहस्य से पर्दा उठ गया है। मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतक राजा रघुवंशी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसकी पत्नी सोनम ने सुपारी देकर कराई है। देररात सोनम गाजीपुर के एक ढाबे में बदहवास हालत में मिली।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सोहरा में होटल के सीसीटीवी में सोनम लगातार किसी व्यक्ति से फोन पर संपर्क करते भी नजर आई थी। माना जा रहा है कि वह लगाता अपनी और राजा की




लोकोशन किलर्स को दे रही थी। 25 मई से लापता होने के बाद से ही कपल की तलाश हो रही थी। करीब एक सप्ताह पहले राजा रघुवंशी का शव मिल गया था, लेकिन सोनम लापता थी।

अब सोनम भी गाजीपुर के नंदगंज में एक ढाबे पर मिल गई है। इस मामले में तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं, जबकि एक फरार है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अब पुलिस सोनम को लेकर वन स्टाफ सेंटर पहुंची. यहां उससे पूछताछ हो रही है। गाजीपुर के एसपी डॉ. ईरज राजा ने सोनम के मिलने की पुष्टि की है। इस मामले के खुलासे का दावा करते हुए मेघालय के सीएम कॉनराड कोंगकल संगमा ने एक्स पर पोस्ट भी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सोनम ने आत्मसमर्पण कर दिया है और हत्या में शामिल मध्य प्रदेश के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वही, सोनम के पिता ने पुलिस की थ्योरी को नकारते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। सोनम रघुवंशी के पिता देवी सिंह का कहना है कि मेघालय के सीएम इस मामले को लेकर झूठ बोल रहे हैं। उनकी भी सीबीआई जांच होनी चाहिए। मुझे यकीन है कि सीएम भी झूठ बोल रहे हैं।

# आज अंतरिक्ष की यात्रा पर जाएंगे शुभांशु शुक्ला, बनेंगे दूसरे भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 41 साल बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला मंगलवार (10 जून) को सुबह एक्सिओम स्पेस के एक्सिओम - 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर रवाना होंगे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और निजी कंपनी स्पेसएक्स की साझेदारी में संचालित किया जा रहा है। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व शुभांशु ने कहा, मिशन का हिस्सा बनना बेहद सौभाग्यशाली है। शुक्ला, जिन्हें ह्यशक्सह्ल उपनाम से जाना जाता है, अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे। 41 साल पहले उनके आदर्श राकेश शर्मा ने 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सोयुज अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आठ दिनों तक कक्षा में रहने के लिए अंतरिक्ष उड़ान भरी थी। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से



अंतरिक्ष यान को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजकर 12 मिनट पर स्पेसएक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा। इसके 28 घंटे की यात्रा के बाद 11 जून को रात 10 बजे (भारतीय समयानुसार) यान अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेगा।

**अंतरिक्ष प्रवास के दौरान किए जाएंगे कई प्रयोग :** शुभांशु अंतरिक्ष में अपने 14 दिनों के प्रवास के दौरान कई खास विज्ञान और पोषण से जुड़े प्रयोग करेंगे। ये प्रयोग इसरो और भारत सरकार के जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की तरफ से तैयार किए गए हैं। इनका उद्देश्य अंतरिक्ष में मेथी और मूंग की अंकुरण प्रक्रिया देखना, बीजों को माइक्रोग्रैविटी (अंतरिक्ष की स्थिति) में रखकर धरती पर वापस लाकर उन पर आगे की खेती करना, भविष्य की लंबी अवधि की अंतरिक्ष यात्राओं के लिए पोषण और जीवन-समर्थन प्रणाली विकसित करना है।

# आरसीबी ने आपराधिक मामला रद्द करने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है। बंगलूरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस मामले में आरसीबी के मार्केटिंग हेड समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, आरसीबी के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। वहीं, आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले के वकील ने हाईकोर्ट से कहा, 'पुलिस ने गिरफ्तारी इसलिए की क्योंकि कर्नाटक के सीएम ने आदेश दिया था।'

**डीएनए एंटरटेनमेंट ने भी अलग याचिका दायर की :** आरसीबी के इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड ने भी अपने खिलाफ एफआईआर को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर की है।



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (फ्ठइ) की मालिकाना कंपनी रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स लिमिटेड (फ्ठरछ) ने तर्क दिया है कि उसे मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। कर्नाटक हाईकोर्ट आरसीबी और डीएनए के खिलाफ आपराधिक मामलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जून को सुनवाई करेगा।

**आरसीएसएल ने कहा- गलत तरीके से फंसाया गया है :** याचिका के मुताबिक, फ्ठरछ ने दावा किया कि उसने सोशल मीडिया पर स्पष्ट रूप से बताया था कि केवल सीमित पास ही उपलब्ध हैं। इसने यह भी कहा कि मुफ्त पास से प्रवेश के लिए भी पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।

आरोप है कि स्टेडियम के गेट, जो दोपहर पौने दो बजे खुलने चाहिए थे, वो दोपहर तीन बजे जाकर खोले गए, जिससे भीड़ बढ़ गई। इवेंट मैनेजमेंट फर्म के मुताबिक, यह घटना पुलिस द्वारा भीड़ प्रबंधन में विफलता के कारण हुई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 10 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में आज फिर जुटेंगे निगम सभागार में पार्षद

## पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर हो गया ऐलान, वो करेंगे विरोध का घमासान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर सबसे खास बात ये है कि भाजपा की सरकार है और भाजपा के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला है और इसमें खास बात ये भी है कि वो व्यापार मंडल टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में आ गये है जिन्हे भाजपा का शैडो व्यापार मंडल कहा जाता है। इनमें वो व्यापार मंडल भी शामिल हैं जिनके अध्यक्ष भाजपा के प्राथमिक सदस्य है। आज एक बार फिर निगम सभागार में पार्षद एकत्र होंगे और हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध को लेकर चर्चा होगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी पार्षदों ने निगम में ही हाउसटैक्स के विरोध में बैठक की थी। इस बैठक में भाजपा के पार्षद सबसे अधिक संख्या में है। इससे पहले भी भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में मोर्चा खोला था उन्होंने प्रेस कान्फ्रेंस भी की थी और मेयर को पत्र भी लिखा था। इतना ही नहीं इन पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल कर दी थी। फिलहाल जून महीने में सिविल अदालते बंद रहती है लिहाजा इस केस में 29 जुलाई की डेट लगी है। तब तक ये मामला स्थगित माना जायेगा। वहीं अब भाजपा पार्षद भी टैक्स वृद्धि के विरोध में आ गये हैं। पार्षद गौरव सौलंकी से लेकर कई अन्य पार्षदों ने मोर्चा खोला है। सोमवार को पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर ये ऐलान हो गया कि मंगलवार को नगर निगम में जकर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध किया जायेगा।

### निगम की बोर्ड बैठक से पहले क्या हो जायेगा मामले का समाधान

करंट क्राइम। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षदों को अब निगम की बोर्ड बैठक का इंतजार है। वो इस बात को रख रहे हैं कि आखिर कितने दिन तक बोर्ड की बैठक को टाला जायेगा। ये भी तय है कि जब निगम की बोर्ड बैठक होगी तो उसमें हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा पूरी ताकत के साथ उछाला जायेगा। निगम की बैठक इस बार हंगामेदार हो सकती है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि ये भी संभव है कि बोर्ड बैठक से पहले ही इस पूरे मामले का समाधान कर लिया जाये। क्योंकि निगम के अधिकारी भी इस मामले में कोई टकराव नहीं चाहते हैं और वो सरकारी खजाने के लिए राजस्व भी चाहते है। ऐसे में समाधान के लिए बीच का रास्ता तलाशा जायेगा, इसकी काफी हद तक उम्मीद है।

### क्या व्यापार मंडलों के साथ निगम पार्षद मिल कर उठायेंगे कोई आवाज

करंट क्राइम। निगम के अधिकारी टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर अपना पक्ष रख चुके है। वो बता चुके हैं कि कर वृद्धि दिये गये मानक के अनुरूप है। निगम के कर निर्धारण अधिकारी ने अपना पक्ष रख दिया। निगम के अधिकारी इसे राजस्व से जुडा मामला बता रहे है और वो ये भी कह रहे हैं कि कर वृद्धि दो गुना हुई है। निगम के अधिकारी अपने तरीके से समझा रहे है और निगम पार्षद इस मामले को अपने तरीके से ले रहे है। उनका कहना है कि वार्ड में पब्लिक को हमें फेस करना है और कर के नाम पर जनता की जेब पर ज्यादा दबाव नहीं डाला जा सकता। सबसे बड़ी बात ये है कि इस मामले में पार्षदों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जो खुलकर मोर्चा खोल रही है और जो पार्षद फिलहाल साईलेंट मोड पर हैं वो भी अंदरखाने टैक्स वृद्धि के विरोध में है और विरोध का स्वर बुलंद करने के लिए उचित मौके की तलाश में है। आज की बैठक में ये तय होगा कि पार्षद किधर जायेंगे और बताया ये भी जाता है कि व्यापार मंडलों के साथ मिलकर रणनीति तय हो सकती है और यहां इस मामले में आरडब्लूए भी पार्षदों और व्यापार मंडलों के साथ आ सकती है।

# पूर्व विधायक क्यों नहीं खोल रहे हैं अपनी चुनावी तैयारी के पत्ते

## चुनावी रण में अब समय नहीं है लेकिन खामोशी दे रही है क्या संदेश




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अगर चुनावी रण की बात करें तो चुनाव वाले योद्धाओं को पता है कि चुनावी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा तो अभी से चुनावी रण की तैयारी में जुट गई है। वो अपने आयाम कार्यक्रम लेकर आ गई है। उसने मंडल टीम पर काम करना शुरू कर दिया है और उसके बडे नेता यह कह भी चुके हैं कि संगठन का ये ढांचा चुनावी रण 2027 के लिए तैयार हो रहा है। चुनाव की एक खास बात है कि इसमें कुछ चुनावी खिलाड़ी मैदान में आते है। ये चुनाव लड़ने के अनुभवी होते है। क्षेत्र में एक अपना जनाधार रखते है और उनकी गतिविधियों से ये दिखाई देने लगता है कि वो किस विधानसभा पर फोकस कर रहे है।

इससे ये अंदाजा हो जाता है कि वो कौन से क्षेत्र से सियासी मैदान में आयेंगे, चुनावी रण में उतरेंगे। लेकिन बात अगर गाजियाबाद की करें तो यहां कई पूर्व विधायक हैं जो बिल्कुल साईलेंट मोड पर चल रहे हैं। उनके समर्थक भी ये नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर उनके विधायक जी अपनी संभावित विधानसभा से जुड़े पत्ते क्यों नहीं खोल रहे है। उनका फोकस उस विधानसभा पर क्यों नहीं है जहां से उनको चुनाव लड़ना है। ये स्थिति उन्हें हैरान कर रही है ये सियासत का अपना रूल है कि जिस विधानसभा से नेता को चुनाव लड़ना होता है वो उस विधानसभा में अपनी सियासी गतिविधि बढ़ा देते है। आज बात उन पूर्व विधायकों की करेंगे जो विधानसभा में जा चुके हैं। चुनावी रण में छा चुके हैं जिन्हें चुनाव जीतने और हारने का अनुभव है जो राजनीति के सक्रिय चेहरे माने जाते हैं। लेकिन ये चेहरे क्यों खामोश है। क्या ये अभी वेट एंड वॉच वाले मोड पर चल रहे है। क्या इन चेहरों ने खुद को वीआरएस मोड पर डाल लिया है। या फिर अभी वो चुनावी रूख को भांप रहे है।

### पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा क्यों है साइलेंट मोड पर



करंट क्राइम। अमरपाल शर्मा राजनीति की एक बड़ी हस्ती है। वो सही मायनों में चुनाव के खिलाड़ी है। वो कई चुनाव लड़ चुके है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में विधायक के रूप में पहला खाता अमरपाल शर्मा ने खोला था। उन्होंने यहां भाजपा के सुनील शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। वो बेस्ट एमएलए के अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके है। उन्होंने बागपत लोकसभा से लोकसभा का भी चुनाव लड़ा। बड़ी बात ये है कि भगवा आंधी में उन्होंने खोड़ा नगर पालिका परिषद में भाजपा को हराकर अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज कराई। उनकी पत्नी खोडा नगर पालिका की चेयरमैन है। अमरपाल शर्मा जैसा सियासी व्यक्तित्व अगर खामोश है तो इसके कई मायने है। क्या वो विधानसभा 2027 के चुनावी रण से खुद को दूर रखना चाहते है। क्या वो विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। यहां एक चर्चा ये भी है कि अमरपाल शर्मा साहिबाबाद विधानसभा से चुनाव नहीं लड़ेंगे। विधानसभा भी अगर बदल रहे है तो दूसरी विधानसभा में चहल पहल दिखाई देनी चाहिए। लेकिन अमरपाल शर्मा की खामोशी एक रहस्य पैदा कर रही है। सबसे खास बात ये है कि हाल ही में जब शहर विधानसभा सीट पर चुनाव हुआ तो यहां उन्होंने उपचुनाव से दूरी बनाई।

### पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी क्या खुद को डाल चुके हैं वीआरएस मोड पर



करंट क्राइम। अगर चुनावी खिलाड़ियों की बात करें तो गाजियाबाद के सबसे पुराने चुनावी खिलाड़ी के रूप में सुरेन्द्र मुन्नी का नाम आता है। वो उस समय विधायक बन गये थे जब आज के कई जनप्रतिनिधियों ने अपनी राजनीति की शुरूआत की होगी। वो कई बार विधायक रहे है। कई चुनाव लड़े है कई चुनाव हारे है। अंतिम चुनाव उन्होंने रालोद के टिकट पर लड़ा और फिर कहानी ऐसी हो गई है कि पता ही नहीं चल रहा कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी रालोद में है या किसी और दल में है। वो भाजपा की मेयर सुनीता दयाल को उनका टिकट घोषित होने से 6 घंटे पहले ही बधाई दे देते है। वो लोकसभा के सांसद रहे जनरल वीके सिंह को जन्मदिन की बधाई देने उनके घर पर जाते है। लेकिन वो कौन से दल में जाना चाहते हैं ये वो अभी किसी को नहीं बताते। चुनाव के वो पुराने खिलाड़ी हैं और अब उनके रूख को देखकर ये चर्चा होने लगी है कि क्या पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने पोलिटक्स के वीआरएस मोड पर डाल लिया है। आखिर वो राजनीति को लेकर अपना रूख क्यों नहीं स्पष्ट कर रहे है। बीते दिनों जब उपचुनाव हुआ तो सुरेन्द्र मुन्नी ने विधानसभा के उपचुनाव से दूरी बनाई। वो इस चुनाव में नहीं लड़े।

### क्या विधानसभा तय नहीं कर पा रहे हैं पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी



करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी सियासत के पुराने खिलाड़ी है। ब्लॉक प्रमुख से उन्होनें अपने चुनावी कैरियर की शुरूआत की थी। वो विधान परिषद सदस्य रहे है। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत विधानसभा से विधायक रही है। राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी है वो गढ़ सीट से भी चुनाव लड़े और मीरापुर से भी चुनाव लड़े। चुनाव का ये खिलाड़ी फिलहाल खामोश है और उनका मूवमेंट किसी विधानसभा में ऐसे दिखाई नहीं दे रहा है कि वो चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे। वो भी अपने पत्ते नहीं खोल रहे है। आखिर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी भी सियासत के साईलेंट मोड पर चल रहे हैं। चर्चा यही है कि प्रशांत किशोर को अपने कलेवर के हिसाब से भाजपा में उतना नहीं मिला है। बावजूद इसके जहां वो पार्टी के अधिकतर आयामों में एक्टिव नजर आते हैं। वहीं सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए वो सुबह ही अपना घर छोड़ देते हैं। मगर भगवा गढ़ में उनको फिलहाल उतना मौका नहीं मिला है, जिसके वो हकदार बताए जाते हैं।

# कमिश्नर जे रविंदर गौड ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने का किया निरीक्षण

## थाने का वेटिंग एरिया जल्द शुरू करने का निर्देश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान वह पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पुलिस कर्मियों के व्यवहार और वर्किंग स्टाइल में भी बदलाव का फरमान सुनाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी रांउड पर थीं, तो उन्होंने यहां की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और थाने के नए वेटिंग रूम का जल्द से जल्द निर्माण करवाने का निर्देश भी दिया है। इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड काफी देर तक थाने में मौजूद रहे और पुलिस कर्मियों से उनकी वर्किंग स्टाइल की जानकारी भी हासिल की।

> "लगातार गाजियाबाद में सिटीजन पुलिसिंग और बीट पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने का दिशा निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही थाने का निरीक्षण और अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है।
> **जे रविंदर गौड,** पुलिस कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

### रिकॉर्ड अपडेट को लेकर दिया आदेश, कैमरों पर होना चाहिए काम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। तो वहीं गाजियाबाद में निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेल्क, अभिलेखों को चेक करते हैं। साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही थाने का वेटिंग रूम बनाने, थाने पर लगे सभी कैमरों और उनकी रिकॉर्डिंग अपडेट होने से लेकर पानी-लाइट की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए। डाक ऑफिस, मालखाना और संबंधित रिकार्ड भी अपडेट करने को लेकर निर्देश दिया है।

### इन थानों का पुलिस कमिश्नर कर चुके हैं निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर को गाजियाबाद में डेढ़ महीने से अधिक का समय हो गया है। और वह लगातार एक्टिव मोड में हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा जहां अब तक सिटी जोन के घंटाघर कोतवाली, मधुबन बापूधाम थाने का निरीक्षण किया गया है। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत साहिबाबाद, खोड़ा और अब देहात जोन में मसूरी के बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने का निरीक्षण किया है। बताया जा रहा है आने वाले दिनों में वह वाकई अन्य थानों का निरीक्षण कार्यक्रम जारी रखेंगे।

# आखिर क्यों नहीं मिल रहा है कांग्रेस जिला व महानगर कमेटियों को अप्रुवल ?

## जिला और महानगर इकाई की ओर से 30 जून को भेजी गई सूची



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस जिला और महानगर अध्यक्षों के चयन को हुए काफी समय हो गया है लेकिन अभी तक कमेटियों का गठन नहीं किया गया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि महानगर कमेटी की सूची तैयार हो गई है। इसे अप्रुवल के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि 30 मई को अप्रुवल के लिए भेजा गया है। जैसे ही अप्रुवल मिल जाएगा, कमेटी के सदस्यों की घोषणा कर दी जाएगी। कमेटी में हर समाज और हर वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं को जगह दी जाएगी। जिला और महानगर अध्यक्ष की कमेटियों के गठन को हो रही देरी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि कमेटी में सभी वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने को लेकर सूची को होल्ड पर रखा गया है।

सूत्रों का कहना है कि जिला और महानगर कमेटी के जल्द गठन होने की संभावना नहीं है, क्योंकि प्रदेश नेतृत्व की ओर से सभी जिलों की सूची का इंतजार किया जा रहा है। सभी जिलों की सूची मिलने के बाद ही अप्रुवल मिलेगा।

### 15 जून तक ब्लॉक अध्यक्षों का चयन होने की संभावना

करंट क्राइम। कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष की अहम भूमिका होती है। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चयन में ब्लॉक अध्यक्ष की राय को काफी अहमियत दी जाती है। हाल ही में हुए अहमदाबाद अधिवेशन में ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव पर जोर दिया गया। उत्तर प्रदेश इकाई को निर्देश दिए गए कि 90 दिनों के भीतर सभी जिलों में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हो जानी चाहिए। इसी के तहत गाजियाबाद में सभी ब्लॉक अध्यक्षों का चयन 15 जून तक हो जाएगा। गाजियाबाद जिले में चार ब्लॉक अध्यक्षों का चयन होना है। कांग्रेस संगठन में महानगर और जिलाध्यक्षों के बाद ब्लॉक अध्यक्षों की अहम रोल होती है। ब्लॉक अध्यक्षों के अधीन ही सभी विधानसभाएं आती हैं। सूत्रों के अनुसार, 15 जून तक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर ली जाएगी। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा।

### मजबूती के साथ कांग्रेस पंचायत का चुनाव लड़ेगी

करंट क्राइम। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने घोषणा की कि कांग्रेस अगला पंचायत चुनाव अकेली लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष की इस घोषणा के बाद राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी कि क्या अगले विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस की राहें अलग-अलग होंगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन पूर्व की तरह मजबूती के साथ जारी रहेगा। पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं लड़ा जाता है। पंचायत चुनाव में सभी को चुनाव लड़ने की छूट होती है। किसी को चुनाव लड़ने से मना नहीं किया जाता है। इसी को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में कांग्रेस मजबूती के साथ पंचायत का चुनाव लड़ेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को तैयार होने को कहा गया है। पंचायत का चुनाव अगले साल अप्रैल मई में हो सकता है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस सम्पन्न

## कुल 140 शिकायतें प्राप्त, मौके पर ही 9 शिकायतों का किया निस्तारण



### माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 63 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 3 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# देर आए, दुरुस्त आए

कनाडा को आखिरकार G7 सम्मेलन के लिए भारत को न्योता देना पड़ा। यह नई दिल्ली के बढ़ते वैश्विक कद को दिखाता है। भारत को साथ लिए बिना दुनिया के सबसे ताकतवर और अमीर देशों के लिए भी अपने अजेंडे पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

दूसरे देशों का दबाव कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पर खालिस्तान समर्थक संगठनों का बेहद दबाव था कि उसकी अध्यक्षता में होने वाले G7 सम्मेलन में भारत को आमंत्रित न किया जाए। कार्नी सरकार ने शुरूआत में अलगाववादियों की मांग के सामने लगभग हथियार डाल ही दिए थे, लेकिन उनके बयान से जाहिर है कि मंच के बाकी सदस्य देश भारत की भागीदारी चाहते थे और इसके चलते कनाडा को झुकना पड़ा। उस पर यह प्रेशर भी होगा कि मेजबान होने के नाते अगर सम्मेलन सफल नहीं रहता है, तो जवाबदेही उस पर आएगी।

दुनिया के हित में कार्नी ने खुद स्वीकार किया है कि एनर्जी, अक् अहम खनिजों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सबसे प्रभावशाली देशों को आमंत्रित करना जरूरी है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ी आबादी होने के नाते भारत का इस सम्मेलन में होना स्वाभाविक है। यह नई दिल्ली नहीं, इस मंच और बाकी दुनिया के हित में है कि भारत इसका हिस्सा बने।

भारत का बड़प्पन कनाडा ने आखिरी वक्त पर भारत को आमंत्रित किया, वह भी इस मुद्दे पर उठे विवाद के बाद। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे स्वीकार किया और कार्नी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। यह भारत के जिम्मेदारी भाव और बड़प्पन को दशार्ता है कि कूटनीतिक तकाजों से अलग उसने हालात के मुताबिक फैसला लिया।

अलगाववादियों पर एक्शन पीएम मोदी ने अपने मेसेज में कहा है कि भारत और कनाडा आपसी सम्मान व साझा हितों के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगे। इसके मायने हैं कि भारत पिछली कड़वाहट को भुलाकर कनाडा के साथ संबंध सुधारने को तैयार है, लेकिन क्या कार्नी सरकार भी तैयार है? इसके लिए उसे अपने यहां मौजूद कट्टरपंथी और अलगाववादी तत्वों के प्रेशर से बाहर निकलना होगा।

फायदा उठाए कनाडा भारत को बुलाना भले कनाडा की मजबूरी रही हो, लेकिन अब उसके पास इस अवसर का फायदा उठाने और अपनी गलती सुधारने का मौका है। पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के दौर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के चलते जो रिश्ता बिगड़ गया, कनाडा अब उसे सुधार सकता है।

# 2025-26 खरीफ सत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उपज की उम्मीद' अच्छे मानसून से मिलेगा लाभ : शिवराज



**नई दिल्ली।** देश भर में 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि अभियान का नेतृत्व कर रहे मंत्री ने कहा कि खरीफ की बुवाई से पहले यह आउटरीच कार्यक्रम कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और अनुसंधान योजनाओं को आधुनिक बनाने में मदद करेगा। इस साल के खरीफ सीजन में उत्पादन पर उन्होंने क्या उम्मीद जताई, आइए जानते हैं। सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश के पूवार्नुमान से भारत अगले महीने से शुरू हो रहे 2025-26 खरीफ सत्र के दौरान खाद्यान्न उत्पादन में नया रिकॉर्ड हासिल कर सकता है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान यह बात कही है। कृषि मंत्री ने नकली और घटिया कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाने और संतुलित उर्वरक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बेहतर कार्यान्वयन की भी बात कही है। देश भर में 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि अभियान का नेतृत्व कर रहे मंत्री ने कहा कि खरीफ की बुवाई से पहले यह आउटरीच कार्यक्रम कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और अनुसंधान योजनाओं को आधुनिक बनाने में मदद करेगा। कृषि मंत्रालय के तीसरे अनुमान के अनुसार, 2024-25 खरीफ सीजन में भारत का खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 168.06 मिलियन टन तक पहुंच जाएगा। 2014-15 के बाद से खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में 31.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चौहान ने कहा, चल रहे अभियान से खरीफ सीजन में कृषि उत्पादन को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, क्योंकि हम किसानों की चिंताओं को दूर करने और उन्हें नई प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अब तक 10 राज्यों के दौरे के दौरान उन्हें किसानों से पता चला है कि कुछ क्षेत्रों में मौजूदा फसल की किस्मों ने उभरते कीटों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है। किसानों ने नकली कीटनाशकों के बारे में भी चिंता जताई और कीमतों में गिरावट के दौरान अधिक सुरक्षा की मांग की।

उन्होंने कहा कि इन सूचनाओं के आधार पर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान योजनाएं और नीतियां विकसित की जाएंगी। चौहान ने कहा, इन प्रयासों और संभावित अच्छे मानसून से 2025-26 में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में नया रिकॉर्ड हासिल करने में मदद मिलेगी। धान जैसी खरीफ फसलों की बुवाई जुलाई में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। इस साल मानसून की बारिश सामान्य रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूरे 2025 सीजन (जून से सितंबर) के लिए सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून का अनुमान लगाया है।

## विझिनजाम बंदरगाह को मिली बड़ी कामयाबी, दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज का किया स्वागत



नई दिल्ली। केरल के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर सोमवार को दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना पहुंचा है। बंदरगाह को उद्घघाटन हाल ही में हुआ है। इस जहाज के पहुंचने को मिल का पत्थर माना जा रहा है। बंदरगाह समुद्री व्यापार में खुद को एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार को केरल के तिरुवनंतमपुरम में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर पहुंचा। विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह को अदाणी समूह ने बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2 मई को इसका उद्घघाटन किया। दुनिया के सबसे बड़े जहाज का आगमन नए बंदरगाह के लिए मील का पत्थर है।

### जहाज की बर्थिंग शुरू

विझिनजाम बंदरगाह पर जहाज के लिए बर्थिंग प्रक्रिया शुरू हो गई। शिपिंग में बर्थिंग का मतलब है कि एक जहाज को बंदरगाह पर किसी खास जगह पर ले जाना, ताकि सामान उतारा या चढ़ाया जा सके। एक बार बर्थ पर पहुंचने के बाद, जहाज को लंगर से सुरक्षित रूप से बांध दिया जाता है।

### एमएससी इरिना क्यों है खास?

इस जहाज को टीईयू ( 20 फुट इक्विवेलेंट यूनिट) क्षमता के आधार पर दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर पोत माना गया है। एमएससी इरिना की क्षमता 24,346 टीईयू है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में एक बड़ा खिलाड़ी बनाती है। 399.9 मीटर की लंबाई और 61.3 मीटर की चौड़ाई के साथ, यह जहाज फीफा के फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है।

## फोन पर ट्रंप ट्रम्प-शी की बातचीत के बाद लंदन में अमेरिका व चीन के बीच व्यापार वार्ता



नई दिल्ली। लंदन में चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एक अज्ञात स्थान पर अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक, ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात करेगा। यह वार्ता कम से कम एक दिन तक चलेगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। अमेरिका और चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को लंदन में बैठक कर रहे हैं, ताकि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यापार विवाद में नाजुक संघर्ष विराम को मजबूत करने का प्रयास किया जा सके। उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल एक अज्ञात स्थान पर अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक, ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात करेगा। यह वार्ता कम से कम एक दिन तक चलेगी।

पिछले महीने जिनेवा में हुई वार्ता के बाद व्यापार युद्ध में कुछ समय के लिए राहत मिली थी। दोनों देशों ने 12 मई को घोषणा की थी कि वे 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ में से अधिकांश को 90 दिनों के लिए स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं, जो उन्होंने बढ़ते व्यापार युद्ध के दौरान एक-दूसरे पर लगाए थे, जिससे मंदी की आशंकाएं पैदा हो गई थीं। उसके बाद से दोनों देशों के बीच उन्नत सेमीकंडक्टर्स जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मजबूती प्रदान करते हैं और रेयर अर्थ मैटेरियल्स जो इलेक्ट्रिक कार निमार्ताओं और अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण हैं, के अलावे चीनी छात्रों के लिए वीजा के मुद्दे पर एक दूसरे के खिलाफ नाराजगी भरे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले गुरुवार को चीनी नेता शी जिनपिंग से फोन पर लंबी बातचीत की और संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश शुरू हुई। ट्रम्प ने अगले दिन सोशल मीडिया पर बताया कि सोमवार को लंदन में व्यापार वार्ता होगी। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि वह आयोजन स्थल और रसद उपलब्ध करा रही है, लेकिन वार्ता में शामिल नहीं है।

ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त व्यापार का समर्थन करते है और हमेशा से यह स्पष्ट रहा है कि व्यापार युद्ध किसी के हित में नहीं है, इसलिए हम इन वाताओं का स्वागत करते हैं।

## एमपीसी के फैसलों से बाजार में मजबूती बरकरार सेंसेक्स 256 अंक उछला

### निफ्टी 25100 के पार

**नई दिल्ली।** आरबीआई की ओर से नीतिगत ब्याज दरों में कटौती के बाद सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक या 0.31 प्रतिशत चढ़कर 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 100.15 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 25,103.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से।



मौद्रिक नीति समिति के फैसलों के बाद सोमवार को भी घरेलू बाजार में मजबूती दिखी और प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। सीआरआर में कटौती जैसे फैसलों ने बाजार में निवेशकों को आकर्षित किया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक या 0.31 प्रतिशत चढ़कर 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 100.15 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 25,103.20 अंक पर आ गया। इस दौरान रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 85.63 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

## राशिफल



**मेष:** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कर्क:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक:** रहन- सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।

**धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मीन:** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

गांव की एक खूबसूरत लड़की को होटल में उदास बैठा देख पप्पू बोला...
पप्पू लड़की के सामने रखी कोल्ड ड्रिंक पीकर बोला-
ऐसे उदास क्यों बैठी हो यार?
लड़की बोली- आज का दिन बहुत बुरा है।
सुबह ब्यॉयफ्रेंड से झगड़ा हो गया।
रास्ते में कार खराब हो गई।
ऑफिस पहुंची तो बॉस ने नौकरी से निकाल दिया।
अब सुसाइड के लिए कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाया था,
वो भी तूने पी ली।

---

संता उदास बैठा था...
बंता- क्या हुआ, उदास क्यों बैठा है...?
संता- क्या बताऊं यार, किसी ने कहा कि पेड़ से हमें 'शीतल छाया' मिलती है
मैं यहां पेड़ के नीचे तीन दिन से बैठा हूं,
लेकिन न तो शीतल आयी और न छाया...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एलबीडब्ल्यू आउट होने के बाद अश्विन ने गुस्से में महिला अंपायर से की बहस; बल्ला पटकते हुए लौटे पवेलियन




**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन इन दिनों तमिल नाडु प्रीमियर लीग 2025 में खेलते नजर आ रहे हैं। रविवा को उनकी महिला अंपायर से बहस हो गई जिसके बाद उन्हें गुस्से में बल्ला पटकते भी देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, रविवार को अश्विन के नेतृत्व वाली डिंडीगुल ड्रैगंस का रविवार को आईड्रीम तिरुप्पुर तमिजहंस से सामना हुआ। इस मैच में अश्विन सिर्फ 18 रन बना सके। उन्हें आर साई किशोर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिस पर वह काफी नाराज नजर आए। गेंद लेग स्टंप से बाहर पिच हो रही थी, ऐसे में अंपायर का फैसला संदेह के घेरे में था। इसके बावजूद महिला अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया।

### अश्विन ने पटका बल्ला

पवेलियन लौटने से पहले अश्विन को मैदानी महिला अंपायर वेंकटेशन कृतिका से बहस करते देखा गया। लेकिन अंपायर ने उनकी एक नहीं सुनी, ऐसे में दिग्गज खिलाड़ी को पवेलियन लौटना पड़ा। मैदान से लौटते वक्त अश्विन ने अपना बल्ला पैड पर जोर से पटका। बता दें कि, कोयंबटूर में खेले गए इस मुकाबले में अश्विन की डिंडीगुल ड्रैगंस ने 93 रन बनाए थे। जवाब में आईड्रीम तिरुप्पुर तमिजहंस ने 11.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और नौ विकेट से मैच अपने नाम किया।

# शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम जमकर बहा रही पसीना, 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा पहला टेस्ट




**मुंबई।** पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम इंग्लैंड पहुंच चुकी है। रविवार को शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम ने जमकर पसीना बहाया। 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए टीम इंडिया ने मुख्य कोच गौतम गंभीर की कोचिंग में तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतना है।

सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थैम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं। खेल विज्ञान के क्षेत्र में सर्वाधिक सम्मानित हस्तियों में से एक एड्रियन ले रॉक्स आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच के रूप में जुड़े हैं। उन्हें सोहम देसाई की जगह शामिल किया गया है।

इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।

# पिता मजदूर, फटे जूतों और घास के बोरों से किया अभ्यास, आज ऊंची कूद में नेशनल चैंपियन हैं पूजा सिंह




**नई दिल्ली।** जब एथलीट पूजा सिंह ने दक्षिण कोरिया के गामी में 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, तो पूरी दुनिया देखती रह गई। प्रतियोगिता के इतिहास में महिलाओं की ऊंची कूद में भारत का यह दूसरा पदक था। उनसे पहले, बॉबी एलॉयसियस एशियाई चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं। यह जीत इसलिए भी खास है कि भारत का 25 साल का इंतजार खत्म हो गया। साथ ही पूजा एशियाई ऊंची कुद का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई। पूजा सिंह की स्वर्णिम छलांग इस बात का शानदार उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प, परिवार व कोच का साथ किस तरह से जीवन में बदलाव ला सकता है। हरियाणा के एक छोटे-से गांव से एशियाई पोडियम (पदक तालिका में शीर्ष तीन स्थान) के शीर्ष तक की उनकी यात्रा कड़ी मेहनत का प्रतीक है।

### शुरूआत ऐसे हुई

पूजा सिंह हरियाणा के बोस्ती गांव के साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म एक ऐसी जगह पर हुआ, जहां महिला होना आसान नहीं है, लेकिन पूजा को माता-पिता का साथ मिला। उनके पिता हंसराज भी एक कबड्डी खिलाड़ी बनना चाहते थे, लेकिन परिवार का भरण-पोषण करने के लिए परिस्थितियों ने उन्हें राजमिस्त्री बनने पर मजबूर कर दिया। शुरूआत में वह योग और जिमनास्टिक के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती थीं, इसके लिए दो साल तक ट्रेनिंग भी ली। लेकिन वर्ष 2018 में एक स्थानीय योग शिविर में कोच बलवान सिंह पात्रा से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने ही पूजा को ऊंची कूद में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पराली से भरे बोरों पर अभ्यास

कोच बलवंत ने पूजा सिंह की एथलेटिक क्षमता और काबिलियत को पहचानते हुए, पूजा को एक हाई जंपर के रूप में प्रशिक्षित करना शुरू किया, लेकिन उनके सामने समस्या यह थी कि जिस अकादमी में पूजा प्रशिक्षण ले रही थीं, वहां खेल की सुविधाएं तो दूर, जंपिंग मैट तक नहीं था। इसकी कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने पराली जैसे कृषि अपशिष्ट व घास की बोरियों का इस्तेमाल किया। क्रॉसबार की जगह धूल भरे मैदानों में बांस के खंभों का उपयोग तथा एक रबर टायर को स्प्रिंगबोर्ड के रूप में इस्तेमाल कर अभ्यास करती रहीं। दो से तीन साल तक अभ्यास करने के बाद उन्हें एक पुराना मैट मिला।

### चोट के कारण लेना पड़ा ब्रेक

गंभीर चोट के कारण पूजा को पंद्रह महीने तक खेल से दूर रहना पड़ा। लेकिन उनका समर्पण अटूट था, इस परिस्थिति में भी उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा और ठीक होकर फिर से अभ्यास करने लगीं। इस परिस्थिति ने उन्हें और मजबूत बनाया। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय अंडर-16 रिकॉर्ड बनाया और लगातार उनकी रैंकिंग में सुधार होता गया। आखिरकार उन्होंने एशियाई अंडर-18 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और गुमी में 1.89 मीटर की छलांग के साथ अपना खुद का अंडर-20 का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



# जीत के करीब आकर फ्रेंच ओपन का खिताब चूकने से सिनर का दिल टूटा

# अल्कारेज बोले- साथ इतिहास बनाएंगे

**सिनर फ्रेंच ओपन।** शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर फ्रेंच ओपन में दमदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में खिताब के बेहद करीब आकर हार का सामना करने से निराश है। गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ सिनर के पास चौथे सेट में तीन मैच प्वाइंट थे लेकिन वह इसे भुनाने में नाकाम रहे। दूसरे वरीय और गत विजेता अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को इटली के 23 साल के सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

चौथे सेट में 22 साल के अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। सिनर ने मैच गंवाने के बाद कहा, 'यह एक अद्भुत ट्रॉफी है, इसलिए मैं ठीक से सो नहीं पाऊंगा, लेकिन कोई बात नहीं। जाहिर है, यह निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, 'मेरे पास अभी कहने के लिए बहुत कुछ नहीं है। मैं हर दिन सुधार करने की कोशिश करता है और मुझे इस बात खुशी है कि खुद को इस तरह की स्थिति में पहुंचा पाया। यह एक बहुत ही रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबला था। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। लेकिन हां, अंतिम परिणाम दुखदायी है।'

सिनर के लिए इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने फाइनल तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया था। इस दौरान उन्होंने तीन बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच पर सेमीफाइनल में प्रभावी जीत दर्ज की थी। अल्कारेज का सामना करने से पहले सिनर ने कभी भी ग्रैंड स्लैम फाइनल नहीं हारे थे। उन्होंने अपने पहले तीनों ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते हैं और उनके पास इस मैच में जीत दर्ज कर ओपन युग में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम जीतने वाला पांचवां खिलाड़ी बनने का मौका था।

अल्कारेज ने पुरस्कार समारोह के दौरान सिनर ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि आप चैंपियन बनेंगे, एक बार नहीं बल्कि कई बार बनेंगे। हर टूनामेंट में आपके खिलाफ खेलना और साथ में इतिहास बनाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।' सिनर इस हार के बाद भी एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह परिवार और करीबी लोगों के साथ समय बिता कर इस हार की निराशा को कम करने की कोशिश करेंगे।

# वॉलीबाल लीग में कोलकाता से खेलेंगे रोहड़ू के पंकज शर्मा



**शिमला।** प्राइम वॉलीबाल लीग में हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू के पंकज शर्मा इस बार कोलकाता थंडरबोल्ट्स के लिए खेलते नजर आएंगे। पुजारली-4 पंचायत के फ्रिऊकोटी गांव के पंकज शर्मा को कोलकाता थंडरबोल्ट्स की टीम ने नीलामी में खरीदा है। रविवार को केरल के कालीकट में खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इसमें पंकज शर्मा का बेस प्राइज पांच लाख रुपये रखा गया था। कालीकट हीरोज की टीम ने पंकज की 5.75 लाख रुपये की बोली लगाई। छह लाख रुपये की अधिकतम बाली लगाकर कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने पंकज को अपनी टीम में शामिल किया।

### बंगलूरू से खेल चुके

रोहड़ू के छोटे से गांव से निकलकर भारतीय वॉलीबाल टीम में पहचान बनाने वाले पंकज शर्मा वर्ष 2018 में एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। इस पहले पंकज प्राइम वॉलीबाल लीग में बंगलूरू टॉरपीडोज टीम की कप्तानी भी संभाल चुके हैं। पंकज भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं।



# पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता नेशंस लीग का खिताब, फूट-फूटकर रोए रोनाल्डो

**पुर्तगाल।** पुर्तगाल की फुटबॉल टीम ने नेशंस लीग कप का खिताब जीत लिया है। रविवार देर रात खेले गए फाइनल में पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हरा दिया। एक्स्ट्रा टाइम समाप्त होने के बाद स्कोर 2-2 से बराबर रहा था। फिर पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल ने अपने पांच के पांच शॉट में स्कोर किया, जबकि स्पेन की टीम एक शॉट मिस कर गई। पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा हीरो रहे। उनका एक सेव्स ने पुर्तगाल को नेशंस लीग का खिताब जिता दिया। मैच के बाद पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो फूट-फूटकर रोने लगे। पुर्गताल का यह दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने 2018-2019 में टूर्नामेंट के पहले सीजन में भी खिताब जीता था।

पुर्तगाल के लिए फाइनल में शुरूआत अच्छी नहीं रही। 21वें मिनट में स्पेन के मार्टिन जुबीमेंडी ने गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, स्पेन की टीम यह बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रख सकी। 26वें मिनट में नूनो मेंडिस ने गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। हाफ टाइम से पहले स्पेन के मिकेल ओयरजबाई ने गोल दाग स्पेन को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद 61वें मिनट में रोनाल्डो ने गोल दागा और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद फुल टाइम तक स्कोर 2-2 से बराबर रहा। फिर मैच 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में गया। उसमें भी कोई गोल नहीं हो सका। फिर मैच पेनल्टी शूटआउट में गया।

### एमबाप्पे के दम पर जर्मनी को हराकर फ्रांस ने हासिल किया तीसरा स्थान




कप्तान किलियन एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में तीसरे स्थान के मैच में रविवार को जर्मनी को हरा दिया। पुर्तगाल और स्पेन के खिताबी मुकाबले से पहले हुए इस मैच में रीयाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एमबाप्पे ने एक गोल करने के साथ दूसरे गोल में सहायक की भूमिका अदा की जिससे फ्रांस ने जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से शिकस्त दी।

मैच के शुरूआती हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद जर्मनी की टीम गोल करने में विफल रही। ऑरेलियन चोउमेनी ने मध्यांतर से ठीक पहले क्लब टीम के साथी एमबाप्पे के लिए मौका बनाया जिसे इस दिग्गज खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया। एमबाप्पे के बनाये मौके पर मैच के 84वें मिनट में स्थानापन्न माइकल ओलिसे ने गोल कर फ्रांस को दो गोल की बढ़त दिला दी। इससे पहले जर्मनी को सेमीफाइनल में बुधवार को पुर्तगाल ने 2-1 से हराया था जबकि यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने फ्रांस को 5-4 से मात दी थी।

# पीएसी मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता आईपीएस अंशिका वर्मा ने किक मारकर किया शुभारंभ, बरेली की टीम ने जीता पहला मैच

**- तीन दिवसीय प्रतियोगिता का 11 जून को समापन होगा।**



**बरेली।** बरेली में 28वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2025 का सोमवार को शुभारंभ हो गया। आयोजन स्थल 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का आगाज किया। तीन दिवसीयत प्रतियोगिता का 11 जून को समापन होगा। पहले दिन पहला मैच बरेली की टीम ने जीता है।

पहला मैच 8वीं वाहिनी बरेली और 44वीं वाहिनी मेरठ के बीच हुआ, जिसमें 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली ने 6-0 से जीत दर्ज की। प्रथम मैच में 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली की ओर से नवीन कुमार ने पहला गोल किया गया।

दूसरा मैच 28वीं वाहिनी इटावा और 47वीं वाहिनी गाजियाबाद के बीच हुआ। इसमें 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा ने 5-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच-49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर और 43वीं वाहिनी एटा के बीच हुआ जिसमें 43वीं वाहिनी पीएसी एटा ने 4-0 से जीत दर्ज की।

### खिलाड़ियों से लिया परिचय

फुटबॉल ग्राउंड पर पहले दिन की प्रतियोगिता का आयोजन सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली आकाश तोमर की अध्यक्षता में किया गया। आकाश तोमर के साथ ही एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने फुटबाल ग्राउंड पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।

अंशिका वर्मा ने फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में उद्घोषक का कार्य दलनायक सतीश चंद्र जोशी ने किया। बरेली वाहिनी की टीम के कैप्टन सुरेंद्र प्रसाद थपलियाल के द्वारा शपथ दिलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

## पाई-पाई के लिए तरस रहा पाकिस्तान

# जैसे-तैसे नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा



**नई दिल्ली।** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके।

इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।' पाकिस्तान की टीम पिछले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही थी। टीम 2012 के बाद से ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई करने में विफल रही है।

मुजाहिद ने कहा, 'मैं खुद भी खिलाड़ी रहा हूं। मुझे पता है कि जब महासंघ किसी खिलाड़ी का अच्छे से ख्याल रखता है तो वह पूरी तरह से अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करता है।' पीएचएफ ने इसके साथ ही पहली बार मुख्य कोच ताहिर जमां को चयनकर्ता की मदद के बिना 20 सदस्यीय टीम का चयन करने की अनुमति दी। शकील इमाद बट को आठ देशों की प्रतियोगिता के लिए टीम का कप्तान बरकरार रखा गया है जबकि राणा वहीद उप-कप्तान हैं। इस प्रतियोगिता में पाकिस्तान और मेजबान मलेशिया के अलावा फ्रांस, जापान, कोरिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेल्स की टीमें शामिल हैं।

# 60 मीटर में उत्सव और पवनी, फरार्टा दौड़ में अनेश को स्वर्ण

**बिलासपुर।** बिलासपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में पूर्व मंत्री ठाकुर राम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। किशारों के अंडर-12 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में हमीरपुर के उत्सव ने पहला स्थान प्राप्त किया। ऊना के राजवीर दूसरे और शिमला के सकृत तीसरे स्थान पर रहे। किशोरियों की अंडर-14 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सोलन की पवनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। सोलन की संचिता ने दूसरा और मंडी की कृतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की अंडर-18 वर्ग की एक हजार मीटर दौड़ में हमीरपुर के इशांत पहले, ऊना के नवजोत दूसरे और ऊना के गगनदीप तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में बिलासपुर के अनेश चंदेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कांगड़ा के राजीव दूसरे और मंडी के रोहित तीसरे स्थान पर रहे।

लड़कियों की एक हजार मीटर दौड़ में चंबा की भोली ने पहला, कांगड़ा की गार्गी ने दूसरा स्थान और




हमीरपुर की स्वाति ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। मास्टर की 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर के सुरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। बिलासपुर की रीवा नाइक ने अंडर-10 आयु वर्ग में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। रीवा ने अंडर-10 आयु वर्ग में हीट स्प्रिंट रनिंग में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में बिलासपुर की दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में बिलासपुर की आरुषि ने स्वर्ण जीता। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत, प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव सीपी मेहता, श्याम कौंडल, राज्य खेल छात्रावास प्रभारी मनोज ठाकुर, एथलेटिक कोच संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**लड़कियों की एक हजार मीटर दौड़ में चंबा की भोली ने पहला, कांगड़ा की गार्गी ने दूसरा स्थान और हमीरपुर की स्वाति ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। मास्टर की 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर के सुरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया।**

### शिमला के 26 खिलाड़ियों ने जीते 33 मेडल, सोलन में हुई अंतरराष्ट्रीय कराटे फाइट लीग

भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार कोठों में अंतरराष्ट्रीय कराटे फाइट लीग का रविवार को समापन हो गया। इसमें नेपाल और भारत के 356 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें भारत के 22 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शिमला के 26 खिलाड़ियों ने 33 मेडल अपने नाम किए। इसमें ज्योतिरादित्य ने सुपर गोल्ड जीता, अंशुल व आरव ने गोल्ड, शशि, सौम्यक, रास्व, निखिल, दिव्यांश, सना, रुही ने सिल्वर मेडल और तनिष्क, शैव्य, शिवन्या, सना, अर्जुन, नव्या, हर्षिता अविशा, मानवी, अर्जुन, अविशा, शिवांश, यशवर्धन, तनिष्क, ईशान, अर्नव, दिवेश, आश्विक, कियान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस दौरान उन्हें बेस्ट टीम की ट्रॉफी भी दी गई। टीम कोच नारायण सिंह बताया कि खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप के लिए बहुत मेहनत की थी। उन्होंने इसके लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### सब जूनियर वर्ग में मंडी और हमीरपुर ने जीते मैच

राज्य स्तरीय जूनियर और सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के तहत रविवार सुबह के सत्र में दो मैच हुए। इसमें हमीरपुर और मंडी की टीम ने अपने-अपने मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। गुरुनानक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में खेली जा रही प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर वर्ग का पहला मैच हमीरपुर और सोलन के बीच में हुआ। सोलन ने हमीरपुर को 6-2 से पराजित किया। दूसरा मैच ऊना व मंडी के बीच हुआ इसमें मंडी ने ऊना को 4-2 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग में ऊना व हमीरपुर के बीच खेला गया मैच 2-2 पर ड्रा रहा। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान सरदार नसीब सिंह, सचिव सरदार महेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, चरणजीत सिंह, समाजसेवी नरेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह, बग्गा राम, जसप्रीत सिंह समेत ट्रस्ट के सभी सदस्य और कोच उपस्थित रहे।

# वार्ड का विकास ही मेरा लक्ष्य, हर नागरिक को मिले बेहतर सुविधाएं : पप्पू पहलवान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के वार्ड 78 में महामन्त्री पप्पू पहलवान ने सौंदर्य करण की नई-नई सौगातें दी हैं। मेक इन इंडिया अभियान के तहत कृष्ण वेलफेयर सोसाइटी के मुख्य द्वार पर सौंदर्यकरण हेतु भारतीय संस्कृति की पहचान वाद्य यंत्र वीणा एवं तबले का अनावरण महामंत्री पप्पू पहलवान व क्षेत्रीय पार्षद ओमवती देवी के नेतृत्व में छोटी- छोटी कन्याओं के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में महामंत्री पप्पू पहलवान एवं क्षेत्रीय पार्षद देवी के अथक प्रयासों की विशेष भूमिका रही!

यह वीणा केवल एक सजावटी संरचना नहीं है। बल्कि यह हमारे आध्यात्मिक हमारी परंपरा विद्यादायिनी मां सरस्वती के और भगवान नारद मुनि जी के हाथों में विराजमान रहती है। भारतीय संस्कृति की पहचान यह वाद्य यंत्र हमारे अध्यात्म का प्रतीक है! यह योजना क्षेत्र के समग्र सौंदर्य कारण एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है!

उन्होंने कहा कि वार्ड का विकास ही मेरा लक्ष्य है, और मेरा संकल्प ही वार्ड का हर नागरिक को मिले बेहतर सुविधाएँ। स्वच्छ वातावरण और आधुनिक विकास से जुड़ा हो। आपके विश्वास और सहयोग से हम अपने क्षेत्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

इस अवसर ओर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी का स्वागत किया। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान व पार्षद ओमवती देवी सभी एक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डी एन कौल, भूषण लाल टिंगलू, प्रेम त्यागी, सुमन सती, विनोद कुमार सिंह, योगराज शर्मा, भूपेंद्र गोस्वामी, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, अमिताभ, पटेल जी, सुनील शर्मा, अशोक भान, जगदीश सती, राकेश तोमर, अरविंद राणा, राजन राज जैन, मुनेश कसाना, अनीता राणा, रूपा मुखर्जी, आशा पवार, सुनीता चौहान, निशा चौहान, राम खुराना, सुषमा जैन, मीनाक्षी, संतोष, मनोज सिंह, गोपाल शर्मा, गुरु तेज सिंह, मनोज नौटियाल, विमल गोयल, नीरज गुप्ता, प्रदीप, सिंह, मनोहर रैना, शेखर हांडा, योगेंद्र सिंह, मनीष, अंशु, अंकित, मुकेश, मनिंदर, अभिषेक, हरिओम सिंह, नितिन आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने किया टूटी गली के इंटरलॉकिंग कार्य का उद्घाटन

## स्थानीय निवासियों ने किया पार्षद का आभार व्यक्त





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने पंचशील पार्क कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया गया। यह कार्य पार्षद निधि के 9 लाख 30 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। गली वर्षों से क्षतिग्रस्त स्थिति में थी और क्षेत्रवासियों को बारिश व आवागमन के समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क में गड्ढे और टूटी हुई सतह के कारण स्थानीय निवासियों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कविता प्रवीन भाटी ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं और इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही हूं। यह इंटरलॉकिंग कार्य केवल सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों के सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए अत्यंत आवश्यक था। इस मौके पर पंचशील पार्क के सभी स्थानीय निवासीगण उपस्थित रहे और पार्षद का आभार व्यक्त किया।




### भगवा नगरी में कौन चल रहा है पांच कारों के काफिले के साथ

अगर केन्द्र से लेकर प्रदेश तक सरकार हो और ऐसे में पद मिल जाये तो फिर कद अपने आप बढ़ जाता है। कद बढ़ता है तो कई बार कद वाले भी हद कर देते है। सुना है कि इन दिनों भगवा नगरी में एक नेता जी का गुजारा एक कार से नहीं हो रहा है। वो चाहते हैं कि जब वो चलें तो कारों का काफिला चले। जब वो कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो कार का हूटर बजे। सुना है कि उन्होंने कार चालक को इस बात के निर्देश दे दिये हैं कि जब भी हम कार्यक्रम में पहुंचे तो एन्ट्री से पहले ही हूटर बजना शुरू हो जाना चाहिए। बताते हैं कि काफिले का सिलसिला कठोरता से लागू हो रहा है। अगर काफिले में चार गाड़ी हैं और एक गाड़ी कहीं रास्ते में रूक जाये तो चार कारें रूक कर उसका 10 मिनट इंतजार करेंगी। बताते हैं कि नेता जी के नए शौक की खबर ध्वज प्रणाम वालों तक भी पहुंच चुकी है। वो भी हैरान हैं कि इतनी दीक्षा देने के बाद भी पता नहीं कौन ऐसा गुरू इन्हें मिल गया जो कार वाली शिक्षा का पाठ ठीक से पढ़ा गया है।

### किस विधानसभा में उठेगी इस बार गुर्जर समाज की टिकट भागीदारी की मांग

चुनावी रण का गेम ऐसा है कि हाथ वाले और साईकिल वाले तो अभी इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि पहले हमारे दोनों सम्राट ही तय कर लें कि हमें लड़ना है या चुनाव लड़वाना है। पता चला कि शेरवानी हमने खरीदी और ऐन मौके पर दूल्हा ही बदल गया। महावत अच्छी तरह से समझ गये हैं कि हाथी कितने पानी में है। लेकिन फूल वालों ने एक दूसरे की राहों में शूल बोने की पूरी तैयारी कर ली है। सूत्र बताते हैं कि इस बार नदिया पार के चाणक्य की राहें इतनी आसान नहीं हैं। यहां से गुर्जर दावेदारी की मांग उठेगी और इसी बीच में पूर्वांचल वाला रिमीक्स सीन आयेगा। जो फिलहाल चुनावी रणनीति बनाकर चल रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि स्टोरी में ट्विस्ट आयेगा। गुर्जर माहौल बनायेगा और टिकट ठाकुर के पास शिफ्ट हो जायेगा। लेकिन बताने वाले बता रहे हैं कि इस रण में गुर्जर चेहरा दावेदारी के लिए अड़ेगा और अगर सब कुछ तय योजना के अनुसार हो गया। तो फिर ठाकुर चेहरा ही चुनाव लड़ेगा। बाकी तो ये है कि होई है सोई, जो राम रचि रखा। वक्त के पासे पलटते हैं तो सारी चाणिक्यगिरी धरी रह जाती है।

### बोले थे वो अवर अभियन्ता, सुनो मैम्बर तुम मत करो गुणवत्ता की चिंता

विकास की पहली ईंट लगती है और शिकायतों के रोड़े उससे पहले आ जाते हैं। जो पार्षद बड़ी मुश्किल से आर्ट साईड लेकर दसवीं और बारहवीं में थर्ड डिविजन से पास हुए हैं वो सिविल इंजीनियर बनकर आ लेते हैं। वो बताते हैं कि गुणवत्ता बड़ी खराब है। अजी काम बड़ा घटिया है। अजी ये तो सड़क उखड़ रही है। नाली, सीवर वाले महकमें के एक टेंडर मैन ने कहा कि विकास पर बिल्कुल भी नहीं आयेगी आंच अगर पहली ईंट रखते ही पहुंचा दें उन्हें तीन से पांच। टेंडर मैन ने कहा कि हमें कोई दिक्कत नहीं है और हमारा तो ये रूल है कि ऐसे कैसे जाने देंगे। हम भी खायेंगे और तुम्हें भी खाने देंगे। मगर फूल वालों के साथ समस्या ये है कि बिल बनने से पहले ही उन्हें कमीशन चाहिए। उन्होंने महकमें के एक पुराने अवर अभियन्ता का नाम लिया और बताया कि एक पार्षद उनके पास बिल रूकवाने के लिए पहुंचा था। ये अवर अभियन्ता का दिल था कि उसने साफ कह दिया कि सुनो पार्षद तुम टेक्निकल नहीं हो जो गुणवत्ता का पैमाना हमें बताओगे। रही बात शिकायत की तो वो तुम्हारा काम है और हमें पता है तुक कहां तक जाओगे। इसके बाद उसने बिल भी बनाया, बिल पास भी कराया और पार्षद को फेल कर दिया था।

# श्रीरामकथा का सातवां दिन : भरत मिलाप का प्रसंग सुन रो पड़े श्रोता



## जिस राजा की प्रजा दु:खी तो समझो वह राजा भी दु:खी : कृष्ण प्रताप तिवारी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद राजीव भाटी के नेतृत्व में चल रही शालीमार गार्डन स्थित शिव चौक पर भव्य श्रीराम कथा के सातवें दिन आज प्रभु श्रीराम और भरत मिलाप के प्रसंग को सुनने के लिए श्रोताओं की खासी भीड़ रही। जब इस प्रंसग को भक्तों ने सुना तो उनकी आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। इस मौके पर पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, नीलेश मित्तल, हरि दत्त अग्रवाल, किरणपाल भाटी, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील भाटी आदि लोग मौजूद रहे।



### 'राम भक्त ले चला रे राम की निशानी'

**करंट क्राइम।** कथावाचक कृष्ण प्रताप तिवारी ने राम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि महाराज भरत ने चित्रकूट यात्रा के लिए सम्पूर्ण अयोध्यावासियों को तैयार कर लिया। राजतिलक की सामग्री को साथ लेकर गुरुदेव की अनुमति से भरत सभी को साथ लेकर भगवान की खोज में चल पड़े। कथावाचक ने कहा कि इस प्रसंग से यह सीख मिलती है कि जन्म जन्मांतर से भटके हुए जीव को तब तक परम शान्ति नहीं मिल सकती जब तक कि वह भगवान की खोज न करें। मार्ग की अनेक बाधाओं को पार करते हुए श्रीभरत चित्रकूट तक पहुंचे। सच्चे साधक के मार्ग में अनेक बाधाएं आती हैं किन्तु राम प्रेम के बल पर वह सम्पूर्ण बाधाओं को पार कर लेता है। उन्होंने कहा कि जिस राजा की प्रजा दु:खी तो समझो वह राजा भी दु:खी है।

# बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर रची चोरी की साजिश

## एलआईसी एजेंट बनकर आए प्रेमी ने चुराए 16.5 लाख के जेवर और नकदी



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ नगर पुलिस ने एक बड़ी चोरी का खुलासा किया है। अमीपुर नगौला में एक बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुराल से लाखों की चोरी की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना हापुड़ नगर में शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दो युवक एलआईसी एजेंट बनकर उनके घर आए।

उन्होंने बहू अनामिका और बच्चों को नशीला पदार्थ सुंघाकर करीब 15 लाख के आभूषण और 1.5 लाख रुपये नकद चुरा लिए। पुलिस जांच में सामने आया कि यह वारदात अनामिका उर्फ नेहा ने अपने प्रेमी निगम के साथ मिलकर की थी। निगम मेरठ के थाना मुण्डाली के ग्राम अटोला का रहने वाला है। अनामिका ने खुद ही झूठी कहानी बनाकर अज्ञात व्यक्तियों पर आरोप लगाया था।

### लाखों का माल बरामद

कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी का सारा माल बरामद कर लिया है। इसमें सोने-चांदी के जेवरात जैसे अंगूठियां, कंगन, हार, चेन, मंगलसूत्र, ओम लॉकेट, पायल, कंठी और कुंडल शामिल हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद हो गई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार 14 डॉलर सिंगापुर और 200 इंडोनेशिया रुपए, लाखों की जूलरी बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा बंद पड़े मकानों की रेकी करके चोरी करने वाले एक बदमाश और एक सुनार को पकड़ा है। इनके कब्जे से चोरी के आभूषण, विदेशी मुद्रा व चांदी के सिक्के बरामद किए गए है। इनकी पहचान सोनू गौतम हुई है। सोनू सुनार मनोज कुमार वर्मा को चोरी का कॉल बेचता था। पुलिस ने एआरटीओ ऑफिस के पीछे वाली सड़क से गिरफ्तार किया है। कि बदमाशों के पास से 4 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का हार सफेद धातु, 2 गले का हार पीली व सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपया (इंडोनेशिया देश के), 06 चांदी के सिक्के व 01 चांदी का नोट बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया गया कि वह एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रेकी करता है। चोरी किये गये आभूषणों को औने-पौने दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है।

# मोहन नगर चौराहे पर ट्रक से कुचली महिला, मौके पर मौत ड्राइवर हिरासत में



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के मोहन नगर चौराहे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक ट्रक ने 36 वर्षीय दीपिका पिपलानी को कुचल दिया।

दीपिका लाजपत नगर में अपने पिता महेश कुमार के साथ रहती थीं। घटना के बाद मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय लोगों ने दीपिका को तुरंत नरेंद्र मोहन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दीपिका रोड क्रॉस कर रही थीं या किस तरह ट्रक की चपेट में आईं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रक को रोड किनारे लगवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मां-बेटे पर बरसाई गोली, बेटे की मौत

## तीन-चार दोस्तों के साथ पहुंचे युवक ने की फायरिंग

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर क्षेत्र में रविवार रात हमलावरों ने घर में घुसकर गोली बरसा दी। इस घटना में मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। घटना के समय महिला के पति ने कमरे में छिपकर जान बचाई। सूचना पर डायल 112 और मुरादनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई। उसे दो गोली लगी हैं। एक पेट में दूसरी सीने में, वहीं मां की हालत सामान्य है।

प्रशांत अपने साथियों के साथ पहुंचा गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र के धेड़ा गांव निवासी पिंटू चौधरी अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार रात पिंटू की पत्नी गुड्डी अपने बेटे पंकज (30 साल) के साथ घर में थीं। तभी पड़ोसी गांव का रहने वाला प्रशांत अपने तीन-चार साथियों के साथ पहुंचा। जिसके बाद आरोपी प्रशांत ने घर में घुसकर महिला पर हमला कर दिया। गुड्डी खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिर पड़ी। इसके बेटे बेटे पंकज को भी गोली मार दी। जैसे ही फायरिंग हुई तो महिला का पति कमरे में छिप गया। बाद में आरोपी प्रशांत धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ कार से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रशांत उर्फ कबूतर पुत्र पवन, विक्की उर्फ चेटी और सन्नी यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पति ने कमरे में छिपकर बचाई जान

### दोनों को एक एक गोली लगी



पुलिस का कहना है कि महिला की हालत सामान्य है। बेटे की अस्पताल में सोमवार सुबह मौत हो गई। महिला को एक एक गोली लगी है। अभी तक की जांच में आया कि प्रशांत से पूर्व में विवाद चल रहा था। जहां प्रशांत ने अपने साथियों को लेकर महिला के घर में पहुंचा। यह घटना रविवार रात करीब पौने 9 बजे की है। अउढ मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 2 टीम लगाई गईं हैं। रात में महिला के पति ने ही कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।




# नोएडा जैसा गाजियाबाद में कब बनेगा थाना

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को बने हुए भी लगभग पौने तीन साल का समय हो रहा है लेकिन निकट बने नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में सोमवार को सेक्टर-63 के थाने का शुभारंभ किया गया है, उससे के बाद से एक नई चर्चा शुरु हो गई है। नए थाने की बिल्डिंग और इसकी लोकेशन इसे अलग पहचान भी दिलाएगी। नए थाने की भव्यता बता रही है कि इसे कितनी प्लानिंग के साथ निर्मित किया गया है। इस थाने को आने वाले समय पर कई खास सर्टिफकेट के ताज से भी सजाने का प्लान है। इसका थाने में जहां प्रभारी का अलग कक्ष बनाया गया है, तो महिला हेल्प डेस्क भी है। इसके साथ ही डे-नाइट अफसर के लिए अलग कार्यालय बनाया गया है। वहीं महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग हवालात के साथ ही यहां ई-मलखाना से लेकर पावर हाउस रूम, आगंतुक कक्ष और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय को स्थान दिया गया है। कई मंजिल में बना यह थाना अलग से ही नजर आ रहा है। साथ ही यहां पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय सुविधा भी प्रदान की गई है। थाने का विशाल परिसर बता रहा है कि इसे किस प्लानिंग के साथ बनाया गया है। सोमवार को इसके उद्घाटन अवसर पर नोएडा कमिश्नर ने कहा है कि अभी गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में 126 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट पुलिस के लिए चालू हैं, जो बता रहा है कि आने वाले समय में पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में कई अन्य बहु मंजिला बिल्डिंग और अत्यधिक थाने गिफ्ट किए जाएंगे। यह आम जनता के लिए लाभदायक होने के साथ ही प्रदेश और गौतम बुद्ध नगर की बेहतर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था का काम करेगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी इस बात की चर्चा है कि नोएडा जैसे थाने गाजियाबाद में कब बनाए जाएंगे। हालांकि जब से नए कमिश्नर आए हैं उनके आने के बाद से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में इंफ्रास्ट्रक्चर और थानों की बिल्डिंग से लेकर कार्यालय के कार्य में काफी तेजी आई है। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाला पुलिस कार्यालय का नक्शा भी फाइनल किया जा चुका है। जो लगभग 65 करोड़ रुपए से निर्मित किया जाना हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि गाजियाबाद में आने वाले दिनों में नोएडा पुलिस की तुलना वाले थाने कब तक बनकर तैयार होते हैं।



# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

## चचेरा भाई घायल, एक को हायर सेंटर रेफर किया




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अंबर सिनेमा के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाई घायल हो गए। घायलों की पहचान मेरठ के परतापुर के गांव घाट निवासी दानिश और जुबैर के रूप में हुई। बीती रात की घटना में जुबैर की हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। दानिश ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई जुबैर के साथ बाइक से घर लौट रहा था। अंबर सिनेमा के पास एक बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क से हटवाया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार आरोपी ट्रक चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# थानों में मिट्टी के मटकों में ठंडा पानी और गुड़ की व्यवस्था शुरू



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ पुलिस ने गर्मी से राहत देने के लिए एक नई पहल की है। जिले के थानों में आने वाले फरियादियों और राहगीरों को मिट्टी के मटकों में रखा ठंडा पानी और गुड़ मिलेगा। सोमवार से यह पहल थाना बाबूगढ़ से शुरू की गई है। थाना गेट के पास आम नागरिकों के लिए मिट्टी के घड़ों में ठंडा पानी और गुड़ रखा गया है। मिट्टी के घड़ों का पानी स्वाभाविक रूप से ठंडा रहता है। यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और गर्मी में लू से बचाता है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता के अनुसार, पहले थानों में फ्रिज का पानी दिया जाता था। लेकिन हर किसी को फ्रिज का पानी रास नहीं आता। इसलिए मिट्टी के मटकों को चुना गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जल्द ही जिले के सभी थानों में यह सुविधा शुरू होगी। स्थानीय लोगों और संगठनों ने इस पहल की सराहना की है।

इससे पुलिस और जनता के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। टूटे गर्मी के रिकॉर्ड इस साल उत्तर भारत में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक, मई-जून में हापुड़ का तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 10 सालों में 2025 की गर्मी सबसे ज्यादा रही। पिछले हफ्ते हापुड़ में 43 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

# नौवी मंजिल के फ्लैट के बाथरूम की खिड़की तोड़कर चोरों ने उड़ाया कैश-जेवर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र की इंद्रप्रस्थ आवास योजना में एक फ्लैट से चोरी का मामला सामने आया है। फ्लैट नंबर G 903 में रहने वाले अंकित श्रीवास्तव अपनी नानी के अंतिम संस्कार के लिए परिवार के साथ रायबरेली गए थे। चोरों ने बाथरूम की खिड़की तोड़कर फ्लैट में प्रवेश किया। उन्होंने घर में रखे 20 हजार रुपए नकद और करीब 50 हजार रुपए के जेवरात चुरा लिए। सोमवार को जब अंकित वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि पूरा घर बिखरा पड़ा था। अंकित ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चोरों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

# रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला, रातभर में 479 ड्रोन लॉन्च किए, मिसाइलें भी दागीं



**यूक्रेन।** रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने दावा किया कि जब से युद्ध शुरू हुआ है, यह रूस का सबसे बड़ा हमला है। बताया जा रहा है कि रात भर रूस ने भारी बमबारी की। इस दौरान रूस ने यूक्रेन पर 479 ड्रोन लॉन्च किए। यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को बताया कि ड्रोन के अलावा यूक्रेन के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तरह की 20 मिसाइलें दागी गईं। बमबारी में खास तौर पर यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया।

बताया गया कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को मार गिराया। वायु सेना के एक बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइलों ने ही अपने लक्ष्य को हिट किया। हालांकि, इस दावे की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। रूस का दावा है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

हमले आमतौर पर देर शाम शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल हो जाता है। रूस ने तीन साल से अधिक समय तक चले युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहेड ड्रोन से लगातार हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं।

# 12 देशों के नागरिकों पर लगा यात्रा प्रतिबंध लागू



## अमेरिकी दूतावासों को जारी हुए दिशा-निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन 12 अफ्रीकी और मध्य पूर्वी देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर जो प्रतिबंध लगाया था, वह सोमवार से लागू हो गया। यह प्रतिबंध ऐसे समय लागू हुआ है, जब पहले से ही अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति का विरोध हो रहा है और इसे लेकर लॉस एंजेलिस में हिंसा भड़की हुई है। जिन 12 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया है, उमें अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, रिपब्लिक ऑफ कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल है।

### इन देशों के नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध कड़े किए गए

साथ ही बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन नागरिकों पर, जो अमेरिका के बाहर हैं और उनके पास वैध वीजा भी नहीं है, उन पर वीजा प्रतिबंध कड़े किए गए हैं। हालांकि जिन लोगों को प्रतिबंध लगाए जाने से पहले ही अमेरिकी वीजा जारी हो चुका है, उन पर प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इस संबंध में सभी अमेरिकी दूतावासों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिन देशों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, उनके नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उन्हें पर्यटक वीजा, छात्र वीजा, वर्क वीजा और अप्रवासी वीजा भी नहीं दिया जाएगा। वहीं आंशिक प्रतिबंध के तहत उन देशों के नागरिकों पर कुछ खास तरह के वीजा पर ही रोक लगाई जाएगी बाकी पर नहीं।

हैती-अमेरिकी एल्वेनिस लुइस-जस्टे, जो रविवार को न्यू जर्सी के नेवार्क में हवाई अड्डे पर अपने गृह राज्य फ्लोरिडा के लिए उड़ान का इंतजार कर रही थीं, लुइस जस्टे ने कहा कि अमेरिका आने के इच्छुक कई हैतीवासी बस अपने देश में हिंसा और अशांति से बचना चाहते हैं। लुइस-जस्टे ने यात्रा प्रतिबंध के बारे में कहा, 'मेरा परिवार हैती में रहता है, इसलिए यह देखना और सुनना बहुत परेशान करने वाला है। मुझे नहीं लगता कि यह अच्छी बात है। मुझे लगता है कि यह बहुत परेशान करने वाला है।'

### प्रतिबंध लगाते हुए क्या बोले ट्रंप

बीते हफ्ते ही राष्ट्रपति ट्रंप ने 12 देशों को लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। प्रतिबंध की घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है, जो आतंकवादी हमले करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, नफरत फैलाने या इमीग्रेशन कानूनों का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।

## न्यूज डायरी

### पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने ली शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। यह प्रक्रिया दो कारणों से चर्चा में रही। पहला, यह समारोह ईद के दिन हुआ। यह एक सार्वजनिक अवकाश था और इस दिन आमतौर पर ऐसे आयोजन नहीं किए जाते। दूसरा, यह समारोह सुप्रीम कोर्ट के लाहौर रजिस्ट्री में हुआ, जबकि ऐसे आयोजन आमतौर पर राजधानी इस्लामाबाद में होते हैं। जस्टिस शाह 10 जून तक कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे, क्योंकि मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी हज के लिए सऊदी अरब गए हुए हैं। वे अगले सप्ताह लौटने पर वे फिर से अपना पद संभालेंगे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस आयशा ए मलिक ने शपथ दिलाई, जो एक दुर्लभ घटना थी क्योंकि देश के शीर्ष न्यायिक पद की शपथ ग्रहण समारोह राजधानी से बाहर और सार्वजनिक अवकाश पर हुआ।

### जापान में अमेरिकी एयरबेस में धमाका

**जापान।** जापान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि दक्षिणी जापानी द्वीप ओकीनावा पर स्थित अमेरिकी एयरबेस में धमाका हुआ, जिसमें चार जापानी सैनिक घायल हुए हैं। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। धमाका केडेना एयरबेस पर उस वक्त हुआ, जब एक टीम गोला बारूद से जुड़ा काम कर रही थी। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच चल रही है।

### सिंगापुर में चोरी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चोरी के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है की महिलाओं ने कई दुकानों से सामान की चोरी की। जब वे देश छोड़ने वाली थीं, तभी चांगी हवाई अड्डे से उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी महिलाओं की उम्र 29 और 30 साल के करीब है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के पास से चोरी किया हुआ पर्स, बैकपैक, परफ्यूम की बोतल आदि सामान बरामद किया है। दोनों महिलाओं को अगर दोषी पाया जाता है तो दोनों को सात साल तक की जेल हो सकती है।

### अमेरिका ने 37 अवैध नेपाली नागरिकों को किया निर्वासित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने नेपाल के 37 अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया है। ये लोग अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। एक चार्टर्ड फ्लाइट से इन लोगों को नेपाल भेजा गया। यह एक दिन में नेपाली नागरिकों का सबसे बड़ा निर्वासन है। राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से 177 अवैध नेपाली नागरिकों को निर्वासित किया जा चुका है। अभी ट्रंप प्रशासन अमेरिका में रह रहे सैंकड़ों अन्य नागरिकों को भी निर्वासित करने की योजना बना रहा है।

### टीटीपी से जुड़े आतंकवादियों ने पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या की

**पख्तूनख्वा।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह के सहयोगियों ने एक पाकिस्तानी पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। टीटीपी आतंकवादियों ने प्रांत के लक्की मरवत जिले में पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि जब आतंकवादी भागने की कोशिश कर रहे थे, तो स्थानीय निवासियों और पुलिस ने उनका पीछा किया और गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया।

### इस्राइली गोलीबारी में 12 लोग मारे गए

**फलस्तीन।** फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और कुछ चश्मदीदों ने रविवार को बताया कि गाजा पट्टी में दो सहायता वितरण केंद्रों की ओर बढ़ते समय इस्राइली गोलीबारी में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये केंद्र इस्राइल और अमेरिका के समर्थन से चलाए जा रहे थे। वहीं, इस्राइली सेना का कहना है कि उसने अपने सैनिकों के पास आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गौरतलब है कि पिछले दो हफ्तों में सहायता वितरण केंद्रों के पास लगातार गोलीबारी हो रही है। 20 महीने के युद्ध के बाद हजारों भूखे फलस्तीनी यहां खाने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। चश्मदीदों का कहना है कि गाजा अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, पास के इस्राइली सैनिकों ने गोलीबारी की है और 80 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में कम से कम 108 शव पहुंचे हैं। वहीं, इस्राइली सेना का कहना है कि उसने पिछले दिन गाजा में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। हाल ही में मिले शवों में से 11 को दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल लाया गया।

### नेपाल: दूरसंचार प्रमुख समेत 18 के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**नेपाल।** नेपाल के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने सरकारी कंपनी नेपाल टेलीकॉम के प्रबंध निदेशक समेत 18 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। जांच आयोग (सीआईएए) के प्रवक्ता राजेंद्र कुमार पौडेल ने बताया कि नेपाल टेलीकॉम की प्रबंध निदेशक (एमडी) संगीता पहाड़ी और पूर्व एमडी सुनील पौडेल उन 18 लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला नेपाल टेलीकॉम के जीएसएम (ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस) मोबाइल, फाइबर इंटरनेट, लीज लाइन और वायर लाइनों में अवैध खरीद और बिक्री के कारण बिलिंग अनियमितताओं को लेकर दर्ज किया गया था। कुमार ने कहा कि जांच में पाया गया कि नेपाल टेलीकॉम ने लगभग ढाई साल पहले उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना चीनी कंपनी एशिया इन्फो को 3.15 अरब नेपाली रुपये का अनुबंध दिया, जिससे सरकारी स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी को भारी नुकसान हुआ।

### मुहम्मद यूनुस ने बकरीद पर बधाई के लिए पीएम मोदी का जताया आभार

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बधाई संदेश पर आभार जताया है। 6 जून को पीएम मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पारस्परिक सम्मान और समझ की भावना भारत और बांग्लादेश के लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने में दोनों देशों का मार्गदर्शन करती रहेगी। यूनुस ने कहा कि आपका विचारशील संदेश, बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं हमारे दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों को दर्शाता है। मैं इस शुभ अवसर पर आपको और आपके माध्यम से भारत के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ग्रेटा थनबर्ग समेत कई कार्यकर्ता नहीं पहुंच पाए गाजा, सहायता नाव इस्राइल डायवर्ट



**इस्राइल।** ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा जा रही सहायता नाव को इस्राइल की ओर मोड़ दिया गया। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स 'पर एक पोस्ट में कहा कि नाव सुरक्षित रूप से इस्राइली तटों की ओर बढ़ रही है। यात्रियों के अपने देश लौटने की उम्मीद है। दरअसल, फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने की बीड़ा उठाया था। संगठन की यह यात्रा गाजा पर इस्राइल की नाकाबंदी के विरोध के तौर पर भी देखी जा रही थी। नौका के डायवर्ट होने के बाद संगठन कहा कि कार्यकताओं को इस्राइली बलों की ओर से बंधक बना लिया गया है। उनका अपहरण कर लिया गया है। जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग मैडलीन पर सवार 12 कार्यकताओं में से एक थीं। यह एक सप्ताह पहले सिसिली से रवाना हुई थी।

इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा था कि वे ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकताओं को गाजा पट्टी पहुंचने नहीं देंगे। यह सभी कार्यकर्ता मैडलिन नाम के एक नौका पर सवार थे, जो गाजा की समुद्री नाकेबंदी के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रही था।



### इटली के सिसिली तट से रवाना हुआ सहायता जहाज

जानी-मानी जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग 12 अन्य कार्यकर्ताओं के साथ इस मिशन पर निकली थीं। यह जहाज इटली के सिसिली तट से पिछले रविवार को रवाना हुआ था। इस मिशन का मकसद गाजा में बढ़ती मानवीय संकट की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करना था।

नौका में सवार फ्रांसीसी संसद सदस्य रीमा हसन भी हैं, जो फलस्तीनी मूल की हैं। उन्हें पहले ही इस्राइल में घुसने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने इस्राइल की फलस्तीन नीति का विरोध किया है।

### हमास में हथियारों की आपूर्ति के लिए गाजा में नाकेबंदी : काट्ज

इस्राइली मंत्री ने कहा था कि गाजा की नाकेबंदी इसलिए की गई है, ताकि हमास को हथियारों की आपूर्ति रोकी जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी उस नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश करेगा तो उसे रोका जाएगा। इससे पहले मई में इसी संगठन की एक और नौका को समुद्र में ड्रोन हमले का सामना करना पड़ा था, जिसमें जहाज का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। कार्यकर्ताओं ने इस हमले के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया था।

# लॉस एंजेलिस में हंगामा और अराजकता जारी



## नेशनल गाड्र्स की तैनाती के बावजूद नहीं थम रही हिंसा

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में अप्रवासन के मुद्दे पर जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। लॉस एंजेलिस की सड़कों पर अराजकता का माहौल है और जगह-जगह कारें जलती दिखाई दे रही हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजेलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती का आदेश दिया था, लेकिन नेशनल गाड्र्स की तैनाती के बावजूद हालात काबू में नहीं आ पा रहे हैं।

### तीसरे दिन भी जारी हिंसा

प्रदर्शनकारियों ने कई पुलिस वाहनों को फूंक दिया और कई सड़कों को बाधित कर दिया। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। लॉस एंजेलिस में हिंसा शुरू हुए तीन दिन बीत चुके हैं और नेशनल गाड्र्स की तैनाती ने इस हिंसा को और भड़का दिया है। रविवार दोपहर को लॉस एंजेलिस के डाउनटाउन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर सैंकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए थे। इस डिटेंशन सेंटर में कथित अवैध अप्रवासियों को हिरासत में रखा गया है। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिससे प्रदर्शनकारी भड़क गए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों पर पथराव भी किया।

अप्रवासन विभाग देशभर में जगह-जगह तलाशी अभियान चलाकर अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार कर रहा है। लॉस एंजेलिस में भी अप्रवासन विभाग ने बीते सप्ताह में 118 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिससे नाराजगी के चलते सामाजिक संगठन और स्थानीय लोग अप्रवासन विभाग के डिटेंशन सेंटर्स के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्हीं प्रदर्शन के दौरान दंगा भड़का। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कैलिफोर्निया के गवर्नर और लॉस एंजेलिस के मेयर पर अक्षम होने का आरोप लगाते हुए दंगा नियंत्रण के लिए नेशनल गाड्र्स की तैनाती करने का फैसला किया।

### 'नेशनल गाड्र्स की तैनाती से भड़की हिंसा'

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजकम ने राष्ट्रपति ट्रंप को पत्र लिखकर नेशनल गाड्र्स की तैनाती हटाने की मांग की है। गेविन न्यूजकम ने लिखा कि नेशनल गाड्र्स की तैनाती शहर में तनाव को भड़का रही है। उन्होंने नेशनल गाड्र्स की तैनाती को राज्य की संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन बताया। कैलिफोर्निया से सांसद नेनेट बारगान ने भी राष्ट्रपति ट्रंप के नेशनल गाड्र्स के तैनाती के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति नागरिकों में अशांति पैदा करना चाहते हैं। सांसद ने कहा कि लॉस एंजेलिस पुलिस विभाग हालात को नियंत्रित करने में सक्षम है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से भी कानून हाथ में न लेने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की।

# 'मैं दुनिया के सबसे अमीर आदमी को खुश करने के लिए कानून नहीं बनाऊंगा'

## मस्क-ट्रंप विवाद पर बोले स्पीकर जॉनसन

**वाशिंगटन।** स्पीकर माइक जॉनसन ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को साफ कर दिया कि वह एलन मस्क के खिलाफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हैं। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के टैक्स और बजट विधेयक की आलोचना की थी, लेकिन जॉनसन ने कहा कि मस्क की आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीओपी-नियंत्रित कांग्रेस पर मस्क के प्रभाव को कम करके आंका।

एक टीवी शो में जॉनसन ने कहा कि मैं दुनिया के सबसे अमीर आदमी को खुश करने के लिए कानून नहीं बनाऊंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा मकसद मेहनत करने वाले आम अमेरिकियों की मदद करना है।, जो अपने परिवारों के लिए प्रावधान करने और गुजारा करने की कोशिश कर रहे हैं।



### मस्क से कुछ टेक्स्ट संदेशों का आदान-प्रदान किया: जॉनसन

जॉनसन ने कहा कि उन्होंने ट्रंप के सरकारी दक्षता विभाग के पूर्व प्रमुख मस्क से कुछ टेक्स्ट संदेशों का आदान-प्रदान किया, जब मस्क ने जीओपी बिल को 'घटिया' कहा और कहा कि इससे अमिरेका का कर्ज और भी बढ़ेगा। मस्क ने कैपिटल हिल में मतदाताओं से इस बिल के खिलाफ वोट करने की अपील की, जो सदन से पारित होने के बाद सीनेट में लंबित है। मस्क की इस आलोचन से राष्ट्रपति ट्रंप भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मस्क के साथ अपने संबंधों को सुधारने की कोई इच्छा नहीं है।

स्पीकर जॉनसन ने रिपब्लिकन नेताओं के खिलाफ डेमोक्रेट्स को फंड देने की मस्क की धमकियों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के किसी भी रिपब्लिकन सदस्य की ओर से कोई चिंता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि लोग प्रतीक्षा करने और देखने का रवैया अपना रहे हैं। कुछ लोग उनके कुछ तर्कों से सहमत हो सकते हैं, लेकिन बाकी लोग समझते हैं कि यह एक बहुत ही रोमांचक कानून है।'

स्पीकर जॉनसन ने कहा कि मस्क को सही जानकारी नहीं है, और जो रिपोर्ट कहती है कि इस बिल से अमेरिका का कर्ज 2.4 ट्रिलियन डॉलर और बढ़ेगा, वह रिपोर्ट गलत आधार पर बनाई गई है। उन्होंने तर्क दिया कि कम टैक्स और खर्च की कटौती से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इससे आगे चलकर घाटा भी कम हो सकता है। इसलिए इस बिल कर लेकर मस्क की आलोचना गलत है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह विधेयक 2017 के ट्रंप कर कटौती को आगे बढ़ाएगा। खर्च में कटौती करेगा और कुछ अन्य शुल्कों को कम करेगा, लेकिन साथ ही लगभग 10.9 मिलियन और लोगों को स्वास्थ्य बीमा के बिना छोड़ देगा। इसके साथ ही दशक में घाटे में 2.4 ट्रिलियन अमरीकी डालर की वृद्धि करेगा।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का अमेरिका दौरा खत्म

### पाक प्रायोजित आतंकवाद पर दिया सख्त संदेश



**नई दिल्ली।** शशि थरूर की अगुवाई में गए भारतीय संसद के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका दौरा खत्म कर लिया है। इस दौरे का मकसद था दुनिया को ये बताना कि भारत पाकिस्तान से हो रहे आतंकवाद को लेकर कितना गंभीर है। इस दौरान सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट क्रिस्टोफर लैंडाउ से मुलाकात की। इसके अलावा अमेरिकी संसद (कैपिटल हिल) में कई सांसदों, विदेश मामलों की समितियों, थिंक टैंक, मीडिया और भारतीय-अमेरिकी समुदाय से बातचीत की।

### पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की। जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस आतंकवादी घटना और भारत की कार्रवाई के बारे में अंतरराष्ट्रीय नेताओं को जानकारी देने के लिए भारत ने सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल बनाए थे, जो 33 देशों की राजधानियों में गए। शशि थरूर की टीम इसी अभियान का हिस्सा थी।

शशि थरूर ने बताया कि व्हाइट हाउस में 25 मिनट की बैठक बहुत सकारात्मक रही। उपराष्ट्रपति वेंस ने पहलगाम हमले पर गहरा दुख जताया और भारत की संयमित कार्रवाई की सराहना की। डिप्टी सेक्रेटरी क्रिस्टोफर लैंडाउ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह खड़ा है और दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। उन्होंने व्यापार और विकास पर भी बातचीत की। अपने दौरे के आखिरी दिन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के पास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, 'दुनियाभर की राजधानियों में गांधीजी की प्रतिमाएं उनके शांति और अहिंसा के संदेश की गवाही देती हैं।'

# नमो भारत और मेट्रो से मेरठ के उद्योग को मिलेगी गति






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की पहली नमो भारत अब मेरठ के अंदरूनी हिस्से में पहुंचने वाली है। मेरठ में नमो भारत के साथ-साथ मेट्रो भी चलेगी, जिसके कारण शहर के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और दिल्ली तक पहुंच बेहद आसान व तीव्र हो जाएगी।

मेरठ में कई तरह के उद्योग हैं, जिनमें खेलों से जुड़ा सामान जैसे क्रिकेट बैट विश्व प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा कई तरह के खेल उपकरण भी मेरठ में ही बनाए जाते हैं। मेरठ के अंदरुनी इलाकों जैसे शताब्दी नगर और बेगमपुल से नमो भारत संचालित होने के साथ ही इन सभी उद्योग और औद्योगिक इकाइयों को काफी लाभ होगा।

वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन का मेरठ की तरफ अगला स्टेशन शताब्दी नगर है, जो संचालन के लिए तैयार हो रहा है। खास बात है कि मेरठ साउथ से ही मेट्रो भी संचालित होनी है। परतापुर और रिठानी, मेरठ साउथ से शताब्दी नगर के बीच में दो मेट्रो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों पर नमो भारत का स्टॉप नहीं होगा और केवल मेट्रो ट्रेन रुकेंगी। शताब्दी नगर के बाद नमो भारत का अगला स्टेशन बेगमपुल है जिसे मेरठ का दिल भी कहा जाता है। नमो भारत कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्र को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत विकसित किया जाएगा। इस कॉरिडोर के आसपास ही सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी और मौजूदा सुविधाओं का विकास होगा। टीओडी, तेजी से हो रहे शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों के लिए समाधान देता है जिसमें कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों पर केंद्रित व विकास के लिए भूमि के इस्तेमाल तथा परिवहन के एकीकरण पर जोर दिया जाता है।

नमो भारत ट्रेन फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किमी के संचालित खंड में 11 स्टेशनों के बीच चल रही है। मेरठ साउथ से मेट्रो की सेवा बहुत जल्द मिलेगी जो परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो के बीच चलेगी। इनमें से मेरठ सेंट्रल, भैसाली और बेगमपुल अंडरग्राउंड स्टेशन हैं। मेरठ में चार स्टेशनों- मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम से ना सिर्फ मेट्रो बल्कि 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने वाली नमो भारत की सुविधा भी मिलेगी।

# एमएसआरटी ने 6 विकेट से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के पिच पल्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में बाउंड्री बैंडिट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 173/7 रन बनाए। जवाब में एमएसआरटी ने 15.5 ओवर में 4 विकेट पर 175 रन बनाकर मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

कप्तान रोहित ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। सौरव शर्मा (45) और राहुल नागर (31) ने तेज शुरूआत दी, जबकि मुनेश शर्मा ने नाबाद 61 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की।

जितेन्द्र/मनीष को मैन ऑफ द मैच और बॉलर ऑफ द मैच चुना गया। टीम के खिलाड़ी ओमदत्त, प्रदीप, मनीष राय, अनुराग, सुशील, सर्वेश और निसार ने भी उपयोगी योगदान दिया।

# ईद पर रही नगर निगम की भव्य तैयारियां

## जनप्रतिनिधियों ने महापौर और नगर आयुक्त को कहा थैंक्यू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ईद उल अजहा के पर्व पर वार्डों में बेहतर व्यवस्था कराई गई है जिसके लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का धन्यवाद किया गया। मस्जिदों तथा ईदगाह के आसपास सफाई व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था को मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत बेहतर किया गया जिसमें वबैग टीम द्वारा भी सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार कार्य किया है जिस पर वार्ड संख्या 48 मिजार्पुर, वार्ड संख्या 93 कैला भट्टा व अन्य क्षेत्रों से गाजियाबाद नगर निगम व वाबेग टीम का धन्यवाद किया गया।







### वार्ड 48 की पार्षद साजिदा ने पत्र लिखकर दिया धन्यवाद



**करंट क्राइम।** वार्ड 48 की पार्षद साजिदा द्वारा महापौर तथा नगर आयुक्त को पत्र लिखकर धन्यवाद किया गया। आगे भी इसी प्रकार मैन हाल की सफाई समय-समय पर त्योहारों के समय विशेष रूप से की जाए, धन्यवाद किया गया, विजयनगर मोहन नगर तथा सिटी जोन अंतर्गत आने वाले मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में गाजियाबाद नगर निगम तत्परता से व्यवस्था में जुटा रहा स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभाग की अहम भूमिका रही।

### नगर निगम को मिला क्षेत्रवासियों का पूर्ण सहयोग

**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार पूरे शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लगा हुआ है। महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार ईद उल अजहा के अवसर पर विशेष टीम बनाते हुए कार्य कराए गए जिसमें सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। क्षेत्र वासियों का भी पूर्ण सहयोग निगम को मिला जो की सराहनीय है। अधिकारियों की मॉनिटरिंग में वबैग टीम द्वारा भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में अभियान के रूप में कार्य किया गया। पार्षदों तथा क्षेत्र वासियों का धन्यवाद प्राप्त हुआ, सपा नेता आरिफ मलिक तथा फहीम चौधरी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की बेहतर व्यवस्थाओं को सराहते हुए धन्यवाद किया गया। वार्ड संख्या 70 की पार्षद रामनिवास द्वारा भी बेहतर व्यवस्थाओं पर निगम की सफाई मित्रों की प्रशंसा की।

# नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का नक्शा पास

## 230 में से 80 एकड़ क्षेत्र में होगा निर्माण
## 27 जुलाई को हो सकता है शिलान्यास



**नोएडा करंट क्राइम।** इंटरनेशनल फिल्म सिटी का मास्टर ले आउट प्लान को यमुना विकास प्राधिकरण ने अप्रूवल दे दिया है। पहले फेज में 80 एकड़ क्षेत्र में फिल्म स्टूडियो और विश्वविद्यालय से जुड़ी गतिविधियां ही विकसित होगी। 27 जून को इसका शिलान्यास हो सकता है।

### आपत्तियां लगाकर किया था वापस

पिछले महीने फिल्म निमार्ता बोनी कपूर व भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने 230 एकड़ का नक्शा प्रस्तुत किया था। नक्शे का भू- लेआउट प्लान से मिलान किया गया। जिसमें कई कमियां मिली थी। जिसे आपत्तियों के साथ लौटा दिया गया था। नक्शे में जहां फिल्म इंस्टीट्यूट से जुड़ी गतिविधि होनी थी वहां पर वेयर हाउस और होटल थे। ग्रीन बेल्ट का क्षेत्रफल स्पष्ट नहीं था, सिर्फ सड़कों के किनारे ही ग्रीन बेल्ट दिखाई गई थी, हालांकि अब भी प्रथम चरण के तहत कुल 230 एकड़ का पूरा नक्शा स्वीकृत नहीं हो पाया है।

### फरवरी में मिला है कब्जा

बता दें कि 27 फरवरी को यीडा ने 230 एकड़ की जमीन का कब्जा कंपनी को दे दिया था, ताकि पहला चरण शुरू किया जा सके। नक्शा मंजूर न होने तक शिलान्यास नहीं किया जा सकता था। लेकिन अब शिलान्यास में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो गई है। कंपनी के साथ 27 जून 2024 को कंसेशन एग्रीमेंट साइन हुआ था। जिसके तहत एक साल में निर्माण कार्य शुरू करना था। यह समय 27 जून को पूरा हो रहा है, ऐसे में इससे पहले ही शिलान्यास हो सकता है। 27 जून के बाद निर्माण में देरी पर प्रतिदिन 1.5 लाख रुपए जुमार्ने का भी नियम है।

### 230 में 80 एकड़ का नक्शा किया गया स्वीकृत

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी का मास्टर ले आउट प्लान शर्तों के साथ सोमवार को स्वीकृत कर दिया। शाम के समय फिल्म निमार्ता बोनी कपूर को नक्शा सौंपा गया। बताया गया कि प्रथम फेज कुल 230 एकड़ में विकसित होना है। लेकिन अभी सिर्फ 80 एकड़ का नक्शा भी स्वीकृत किया गया है। इसमें 26 एकड़ में ग्रीन बेल्ट व 54 एकड़ में फिल्म स्टूडियो और विश्वविद्यालय समेत अन्य फिल्मों से जुड़ी गतिविधियों का विकास होगा।

### 54 एकड़ में होंगी ये गतिविधियां

54 एकड़ में फिल्म स्टूडियो, साउंड स्टेज, पोस्ट-प्रोडक्शन यूनिट और अन्य काम होना है। यहां पर फिल्म में ऐरो प्लेन व हेलीकाप्टर से शूटिंग के लिए रनवे और हैलीपेड भी तैयारी होंगे एवं संसद गैलरी, समुंद्रों की लोकेशन व उत्तरखंड के चार धाम समेत सौर ऊर्जा पर आधारित सेट का निर्माण होगा। नियमों के अनुसार कंपनी को पहले फिल्म सिटी व फिल्म इंस्टीट्यूट से जुड़े 15 प्रतिशत काम पूरे करने होंगे। इसके बाद ही प्राधिकरण कंपनी को व्यावसायिक कार्य करने की अनुमति देगा।

# सुरेन्द्र कुमार पाठक कविवर कृष्ण मित्र सम्मान से सम्मानित

## छात्र ने 99.80% अंक प्राप्त कर गाजियाबाद का नाम रौशन किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोमवार को मनमोहन वैद्य एण्ड कम्पनी तहसील कम्पउण्ड गाँधीनगर पर कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी हिमांशु लव, वेद प्रकाश गर्ग खादीवाले व मनु वशिष्ठ द्वारा सक्षम पाठक पुत्र सुरेन्द्र कुमार पाठक निवासी सरस्वती कुंज 1/13, बी-2, राजेन्द्र नगर, सेक्टर-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद जो कि डीएलएफ पब्लिक स्कूल राजेन्द्र नगर साहिबाबाद के छात्र हैं जिन्होंने जनपद गाजियाबाद में सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय व जनपद गाजियाबाद का नाम रौशन किया है । ऐसे प्रतिभाशाली छात्र को कविवर कृष्ण मित्र जो की स्वयं भी एक शिक्षक तथा प्रख्यात कवि रहे उनके नाम से सक्षम पाठक को कविवर कृष्ण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया । जिसमें ट्रस्टियों द्वारा 21,000/- रुपए सम्मान राशि, प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्ती पत्र दिया गया तथा यह कामना की गई कि सक्षम पाठक इसी प्रकार भविष्य में भी जनपद और अपने विद्यालय का नाम रौशन करते रहें। कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट इस प्रकार का सम्मान पूर्व में भी देता रहा है।



# वैशाली सेक्टर 1 में पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया स्ट्रीट लाइट का उदघाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 सेक्टर 1 वैशाली गुरुद्वारे के पास सेक्टर कामना के पास काफी लंबे समय से अंधेरा था। जिसका पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों एक हाई मास्क लाइट वहां लगाई गई। इसका शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा, विमला भट्ट द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। लाइट न होने की वजह से असामाजिक तत्व का आना-जाना रहता था। रात को लोग यहां से निकलते भी कम थे। इस अवसर पर अवधेश कटियार, किरण राणा, केपी सिंह, प्रमोद सेंगर, प्रहलाद सिंह, श्याम सुंदर, एसपी सिंह, राजीव पाल आदि लोग मौजूद रहे।



# जनपद में उष्णा-लहर (लू-प्रकोप) होने की सम्भावना, कृपया सावधानी बरतें : सौरभ भट्ट

## लू-प्रकोप से बचाव हेतु 'क्या करें- क्या न करें' के लिए की गई एडवाइजरी जारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गाजियाबाद ने कहा जनपद का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनपद गाजियाबाद में 44.48 डिग्री सेल्सियस तापमान होने पर हीटवेव घोषित किया गया है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार 9.6.2025 से 10.6.2025 तक जनपद में उष्ण-लहर (लू-प्रकोप) होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम वैभव पाण्डेय जिला आपदा विशेषज्ञ जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा जनपद वासियों हेतु हीटवेव से बचाव हेतु निम्नलिखित एडवाइजरी जारी की जाती है:-

### हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव के लिए क्या करें

1-कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।
2-हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें।
3-धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें।
4-पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
5-खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमाल करें।
6-रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।
7- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
8- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें।



### हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव के लिए क्या न करें

1-भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।
2-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।
3-शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्योकि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।
4-दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुले रखें।

# 100 टी.बी. पुष्टाहार किट का किया गया वितरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'टी.बी. पुष्टाहार किट योजना' के अंतर्गत सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा चीफ वार्डन ललित जायसवाल और डिप्टी कंट्रोलर रविंद्र प्रताप के नेतृत्व में सोमवार को पानी की टंकी, राजकीय कन्या इंटर कालेज के पास, विजय नगर पर 100 टी. बी. पुष्टाहार किट का वितरण मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल यादव मोहन, डिस्ट्रिक्ट टी बी ऑफिसर, गाजियाबाद के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉक्टर नेहा गोस्वामी, डॉक्टर दीपाली गुप्ता , हर्ष वर्मा डिविजनल वार्डन आरक्षित, दीपक अग्रवाल स्टाफ ऑफिसर फायर टू चीफ वार्डन, नवनीत कुमार दिव्यांशु, अनिल अग्रवाल, कावेरी, शानंदी, कविता, मनोज कुमार आदि अनेक सिविल डिफेंस के वार्डन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया तथा विशेष सहयोग गुलाम नबी प्रभारी मुख्यालय/ सहायक उप नियंत्रक द्वारा किया गया।




# पार्षद गौरव सोलंकी ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने वार्ड में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। विकास कार्य के उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय जनता मौजूद रही और उन्होंने पार्षद को धन्यवाद कहा। पार्षद गौरव सोलंकी ने इस मौके पर क्षेत्र की सम्मानित जनता का उनके स्नेह और आशीष के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों की रफ्तार जारी रखने की बात रखी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस मौके पर गौरव सोलंकी ने कहा कि वैशाली सेक्टर-1 स्थित यू.पी. गेट पुलिस चौकी से मैक्स हॉस्पिटल होते हुए बिजली घर तक फन मॉल से फायर स्टेशन तक इन मार्गों पर सीसी सड़क बने जा रही है। क्षेत्रीय लोगों को ही इसकी गुणवत्ता का ध्यान रखना होगा जो कमी नजर आए वो पार्षद को बताए। साथी ही इंटरलॉक टाइल द्वारा साइड पटरी बेहतर ड्रेनेज और ट्रैफिक सुविधा के साथ यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि आपके हर दिन के सफर को आसान और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इसे कहते हैं अपने देश की मिट्टी और संस्कृति से प्यार। सुप्रसिद्ध कवित्री डॉक्टर मंजू सैनी परिवार के साथ सिंगापुर की यात्रा पर है। वह सिंगापुर से लगातार अपडेट अपनी पोस्ट के जरिए दे रही है। डॉ मंजू सैनी ने सिंगापुर से अपनी इस पोस्ट को साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे ।